ताापमान अधिकतम :40°C न्यूनतम: 27°C
सेंसेक्स 81,186.44 निफ्टी 24,683.90
सोना 96,380 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 21 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने की नेतन्याहू की घेराबंदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पोस्टर वॉर: कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा

## भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया था, पाक आर्मी चीफ के साथ चेहरा किया मिक्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की।

उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं कि तेज आवाज में पूछो। 19 मई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि विदेश मंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। 17 मई -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राहुल ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी: भाजपा**
- **कांग्रेस ने भाजपा को सिंदूर का सौदागर बताया**

# यूट्यूबर ज्योति के फोन स्टोरेज से मिला बीएसएफ मूवमेंट का वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुई, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ। हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। डिजिटल फोरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले। ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटा डेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा। ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।



- **यूट्यूबर से एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने की पूछताछ**

उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवम्बर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी। वहीं, ज्योति की ट्रैवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती। ज्योति ने पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान व चीन से लगते संवेदनशील बॉर्डर एरिया के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे। उसने राजस्थान के थार में बॉर्डर के पास एक गांव में वीडियो बनाई थी। यहां महिलाओं से पूछा था कि पाक कितना दूर है। पुलिस रविवार देर रात ज्योति को उसके घर ले गई। वह चार-पांच जोड़ी कपड़े लेकर गई। इस दौरान, मेज पर रखी नोट बुक में लिखकर गई, मैं जल्दी आ जाऊंगी। ज्योति जब भारतीय जत्थे के साथ पाकिस्तान के गुरुद्वारे गई तो आईएसआई और दानिश के कहने पर सूचनाएं लीक की गई। उसके मोबाइल में पाकिस्तानी ऑफिसर के साथ चौट मिली है। उसने वाघा बॉर्डर पार करते हुए बताया था कि यहां किस-किस को प्रोटोकॉल मिला।

### न्यायिक सेवा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होंगीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी। पीठ ने यह भी कहा कि अभ्यार्थियों को न्यूनतम अनुभव बार में 10 साल का अनुभव रखने वाले अधिवक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस संबंध में न्यायाधीशों के लॉ क्लर्क के रूप में काम करने की अवधि को भी न्यूनतम तीन साल की अवधि के अनुभव के समय में शामिल किया गया है।

### परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डा. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितम्बर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डा. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वर्ष 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। वर्ष 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला।

### प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक व विज्ञान लेखक जयंत का निधन

**पुणे।** प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक डा. जयंत विष्णु नार्लीकर का मंगलवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। डा.नार्लीकर का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 19 जुलाई,1938 में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं बनारस विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख थे। उनकी मां सुमति संस्कृत की विद्वान थीं। वाराणसी में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद डा. नार्लीकर ने विज्ञान में डिग्री हासिल की और फिर उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन के कैम्ब्रिज चले गए।

# हवाला की तरह अवैध है बिटकॉइन

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: यह अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिटकॉइन ट्रेड को हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक समानांतर अंडर-मार्केट है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाते। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करके, सरकार व्यापार पर नजर रख सकती है। बेंच ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि उसने लगभग दो साल पहले डिजिटल करेंसी को लेकर भारत की नीति पर स्पष्टता मांगी थी। इसके बावजूद सरकार इसे रेगुलेट करने में विफल रही। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंखें मूंदने के समान है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आपसे कोई नहीं कह रहा है कि बिटकॉइन ट्रेड पर रोक लगा दीजिए, क्योंकि आपने पहले कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी अवैध नहीं है और इस पर बैन लगाना अर्थव्यवस्था के लिए बुद्धिमानी नहीं होगी। बैन लगाने से शायद आप जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेंगे, लेकिन इसे रेगुलेट करने के बारे में क्या सोचा है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर यह टिप्पणी गुजरात में अवैध बिटकॉइन ट्रेड के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी शैलेश बाबूलाल भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शैलेश भट्ट पर कई राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित धोखाधड़ी का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि वह यह पता नहीं लगा सकती कि आरोपी पीड़ित है या लोगों को प्रताड़ित करने वाला। दरअसल, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दावा किया था कि आरोपी गुजरात में बिटकॉइन के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक था और उसने हाई रिटर्न का वादा करके दूसरों के साथ धोखाधड़ी और किडनैपिंग की। आरोपी शैलेश भट्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने पहले तर्क दिया था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग अवैध नहीं है, खासकर 2020 से जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस सर्कुलर को रद्द कर दिया था, जिसने बैंकों को क्रिप्टो-संबंधित लेनदेन की सुविधा देने से रोक दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून के अभाव में भट्ट की गिरफ्तारी गलत थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग हवाला कारोबार के नए तरीके से निपटने जैसा है।



- **कोर्ट ने कहा: सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाती**

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज आगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार (आज) को सुनवाई तय की है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत**

### संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई (आज) से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असदुद्दीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे। भाजपा के डा. रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा। समूह के अन्य सदस्य भाजपा की डा. डी. पुरन्देश्वरी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) -**शेष पृष्ठ दो पर**

# मुठभेड़ में एक लाख का इनामी सोनू उर्फ भुर्रे ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** उप्र में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, जिस पर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी। बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि गत 24 अप्रैल को चोरी के दौरान उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। तब से वह फरार चल रहा था। भुर्रे के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे 48 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मृतक बदमाश ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नीपुरवा गांव के रहने वाले शिवदीन की हत्या कर दी थी।



- **मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में था वांछित**

### कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने जनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के बारे में बात की। एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड़ लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है।

# मुंबई में दो कोरोना पॉजिटिव की मौत

## डाक्टर बोले- पुरानी बीमारियों से जान गई, सरकार सतर्क

मुंबई/नई दिल्ली, वार्ता

**मुंबई के केईएम** अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी।

सिंगापुर और हॉन्गकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार हॉन्गकांग और सिंगापुर के घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। आंकडों के अनुसार 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है। इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं।



- **सिंगापुर में संक्रमण के तीन हजार नए मामले सामने आ चुके**

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में पुंछ ब्रिगेड की थी प्रमुख भूमिका : ब्रिगेडियर महाजन

**जम्मू।** भारतीय सेना ने कहा कि पुंछ ब्रिगेड ऑपरेशन सिंदूर का सिर्फ हिस्सा ही नहीं रही, बल्कि इसमें उसकी प्रमुख भूमिका रही थी। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर मुदित महाजन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, पुंछ ब्रिगेड नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान द्वारा बिना किसी उकसावे के किए गए हमलों को रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गहन और निरंतर अभियानों में लगी हुई थी। ब्रिगेडयर महाजन ने कहा कि हमने प्रतिक्रिया देने के लिए इंतजार नहीं किया, हमने हमले का जवाब देने के लिए तैयारी की। तैयारी इस हद तक की, मैं कहूंगा कि पुंछ ब्रिगेड 'ऑपरेशन सिंदूर' का हिस्सा नहीं, बल्कि उसका दिल था। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी हमले का भारतीय सशस्त्र बलों ने सोची-समझी प्रतिक्रिया के साथ मुकाबला किया।

# प्रमुख ग्रंथी ने सेना के दावे को किया खारिज

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की नहीं दी थी अनुमति: अमरजीत

अमृतसर, वार्ता

**सचखंड श्री हरमंदिर** साहिब के अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी.कुन्हा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब के प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

ज्ञानी अमरजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि श्री हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर परिसर की बाहरी और ऊपरी लाइटें बंद करके शहर भर में ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, जिन स्थानों पर धार्मिक आचार संहिता (मर्यादा) का पालन किया जाता है, वहां लाइटें जलाई गईं और धार्मिक स्थल की पवित्रता को पूरी जिम्मेदारी के साथ बनाए रखा गया। उन्होंने कहा कि सेना अधिकारी द्वारा किया गया दावा कि प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी, पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की कोई अनुमति कभी नहीं दी गई थी और न ही इस पवित्र स्थल पर ऐसी किसी तैनाती की अनुमति दी गई थी। उन्होंने दोहराया कि श्री दरबार साहिब, गुरु रामदास जी के लंगर, श्री अखंड पाठ साहिब के स्थान और अन्य संबंधित गुरुद्वारों में दैनिक धार्मिक अनुष्ठान सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाते हैं और किसी को भी उनमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। हाल के दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद, श्री हरमंदिर साहिब में पूरी धार्मिक आचार संहिता समर्पण और अनुशासन के साथ जारी रही। अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ने स्पष्ट किया कि ब्लैकआउट के दौरान भी किसी भी धार्मिक स्थल पर लाइट बंद नहीं की गई, जहां मर्यादा मनाई जा रही थी। उन्होंने आश्चर्य और चिंता व्यक्त की कि सेना अधिकारी द्वारा ऐसा बयान क्यों दिया गया और विश्वास के साथ कहा कि बंदूकें लगाने की कभी कोई अनुमति नहीं दी गई थी।



- **हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का किया था पालन**

### हाईकोर्ट की रिपोर्ट

# मुर्शिदाबाद हिंसा में टीएमसी नेता की भूमिका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेता की भूमिका थी।

हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई।

- **पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन नहीं आई**

## संक्षिप्त समाचार

### मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले, तो बेहतर।

### खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनो. हरलाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। खट्टर ने ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में कल आयोजित ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 2018 के बाद प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त होगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से प्राथमिक 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती में चयनित ऐसे शिक्षक, जिन्होंने 2018 के बाद शैक्षिक योग्यता प्राप्त की थी, उनकी सेवा अब समाप्त कर दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस मामले में निर्देश जारी कर दिया गया है । सचिव ने बीएसए को आदेश देते हुए कहा कि जिन्होंने 2018 के बाद आवेदन किया था, उन शिक्षकों की सेवा तुरंत खत्म कर दी जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में आदेश देते हुए कहा तय तिथि के बाद अभ्यर्थी का चयन नहीं होगा। 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में कई ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने तय तिथि के बाद आवेदन किया था। 2018 तक हुआ था शिक्षक भर्ती का आवेदन, लेकिन इसके बाद भी तय तिथि के बाद भी अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साफ-साफ कहा है की 2018 के बाद जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वह अब चयन के पात्र नहीं हैं। शिक्षकों के चयन के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## योगी ने कासगंज में साठ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

# आंतरिक सुरक्षा को पुलिस आधुनिकीकरण जरूरी

**कासगंज, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंत. रिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है। कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं।

योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधु. निक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस



■ पुलिस लाइंस बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च हुए, पुलिस के मार्डन होने पर मील का पत्थर साबित होगी : सीएम

### पूर्ववर्ती सरकारें फैलाती थी अराजकता

उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में कासगंज जिले के गठन के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने पुलिस लाइंस जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई। 2008 से 2017 तक, न जमीन दी गई, न पैसा। 12 जिलों में पुलिस लाइंस नहीं थीं। डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था। ऐसी स्थिति में 25 करोड़ की आबादी की सुरक्षा कैसे संभव थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुंडों के साथ मिलकर अराजकता फैलाती थीं, सज्जनों को प्रताड़ित करती थीं।

1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को अब यमराज का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जैसे देश की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के सेना का आधुनिकीकरण किया, जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में देखनो को मिला, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास मजबूत सेना और बहादुर जवान न होते, तो देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। आज भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने की क्षमता रखती है। वैसे ही देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। योगी ने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश में अराज. कता का माहौल था।

## पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप

**राज्य मंत्री की शिकायत पर सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश**

**लखनऊ।** यूपी के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया, जब राज्य मंत्री ने 1 मई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुख्य अभियंता पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री को कई दिनों से रामनाथ सिंह के भ्रष्टाचार के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि रामनाथ सिंह ने अफसरों से सठगांठ करके लखनऊ में पिछले 18 साल से तैनाती कर रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने करीबी ठेकेदारों को टेंडर दिलाने और कमीशन वसूलने का भी आरोप झेला है। इसके अलावा रामनाथ सिंह पर यह भी आरोप है कि उन्होंने ठेकेदारों के रजिस्ट्रेशन में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मोटी रकम कमाई। इसमें भी आरोप है कि रामनाथ सिंह निर्माण कार्यों की जांच करने के नाम पर वसूली करते थे। अपने नजदीकी कर्मचारियों को भी दो-दो पदों का लाभ दिलाने के आरोप भी उन्हें झेलने पड़ रहे हैं। इन सब आरोपों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ सिंह का तत्काल स्थानांतरण करने का आदेश दिया है और मामले की जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मयंकेश्वर शरण सिंह ने सीएम से मुलाकात में आरोप लगाया था कि रामनाथ सिंह ने विभाग में अपनी लंबी तैनाती का फायदा उठाते हुए कई घोटाले किए हैं और उन्होंने विभागीय कार्यों में अनियमितताएं बरती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में पारदर्शिता की कमी के कारण भ्रष्टाचार का बोल. बाला है, जिससे सरकारी कामों में देरी और गुणवत्ता की कमी आ रही है।

# राहुल ने कर्नाटक में छठी गारंटी का शुभारंभ किया

**होसपेट, वार्ता**



■ सरकार के दो साल पूरे होने पर संकल्प रैली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की छठी गारंटी के रूप में नई भूमि अधिकार पहल की घोषणा की।

सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्यक्ष लाभ योजनाओं के माध्यम से लोगों के कर के पैसे को वापस करने का अपना वादा पूरा किया है और अब वंचितों के लिए भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भूमि स्वामित्व का मुद्दा लंबे समय से अनसुलझा है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गैर-मान्यता प्राप्त राजस्व गांवों में रहने वाले आदिवासी समुदाय प्रभावित हैं। हमने देखा कि हालांकि बहुत सारी जमीन है, लेकिन कई लोग कानूनी रूप से इसके मालिक नहीं हैं। इस छठी गारंटी के साथ, हमारा लक्ष्य उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारना है। इस मौके पर उन्होंने घोंषणा की कि सरकार 500 नए राजस्व गांवों को अधिसूचित करेगी और वर्तमान में बिना औपचारिक शीर्षक वाले परिवारों के लिए भूमि का सही स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय गारंटी समितियों की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश का पहला राज्य होगा जो सार्वभौमिक भूमि स्वामित्व को लागू करेगा। भूमि लोगों की है। यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए हमारा दृष्टिकोण है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल हाशिए पर पड़े समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर एक ऐसे मॉडल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसका लाभ केवल कुछ अमीर परिवारों को मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मॉडल के तहत सार्वजनिक धन विदेश में, लंदन और न्यूयॉर्क की संपत्तियों में जाता है, जबकि हमारा मॉडल गरीबों के हाथों में और स्थानीय अर्थव्यवस्था में पैसा पहुंचाता है।

# स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



■ गरीब सरकारी निजी अस्पतालों के बीच फंसे

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। विभागीय मंत्री अस्पतालों, चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने और मरीजों के इलाज के बजाय दूसरे कामों में व्यस्त है। उन्हें आम जनता और मरीजों की समस्याओं और परेशानी से कोई मतलब नहीं है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में सरकारी और निजी अस्पतालों में मनमानी चरम पर है। भाजपा सरकार मरीजों और उनके तीमारदारों को इलाज और न्याय दिलाने के बजाय पीड़ितों पर लाठीचार्ज करती है। अस्पतालों में दवा, जांचें और उचित इलाज नहीं मिल रहा है। गरीब सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच भटकने पर मजबूर हैं। अस्पतालों में कहीं डॉक्टर नहीं है, कहीं स्ट्रेचर और बेड नहीं है, तो कहीं जांचें ठप्प है। स्वास्थ्य विभाग इलाज और सुविधाओं की जगह भ्रष्टाचार और आगजनी की घटनाओं के लिए पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के अभाव में थक हार कर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे है।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लूट हो रही है। कन्नौज के छिबरामऊ में निजी अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही से एक बेटी रूचि गुप्ता को जान गवानी पड़ी। बेटी के लिए न्याय मांगने वालों पर सरकार ने अत्याचार किया। न्याय के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भाजपा सरकार की पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नौज के भाजपा नेता सुब्रत पाठक, विधायक श्रीमती अर्चना पाण्डेय और सरकार का आरोपियों को संरक्षण है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली में डूबती जा रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मरीजों का भरोसा उठता जा रहा है। जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर केवल बिल्डिंगे खड़ी है। समाजवादी सरकार में जौनपुर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज समेत कई जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए गए। लखनऊ में विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान बनाया गया। लेकिन इस सरकार ने इलाज और सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री अपने विभागीय कार्यों में असफल होने के बाद वे ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने के कार्य में ज्यादा रूचि ले रहे है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हम तैयार हैं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सभी नागरिक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अब्दुल्ला ने गंदेरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। प्रशासन का तत्काल ध्यान तीन जून को कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक धार्मिक आयोजन, वार्षिक माता खीर भवानी मेले के सफल आयोजन पर है। उन्होंने से कहा कि जहां तक नागरिक व्यवस्थाओं का सवाल है, हम पूरी तरह तैयार हैं। जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उचित कदम उठाए जाएंगे। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा, हिंदू धर्म की सबसे प्रतिष्ठित तीर्थयात्राओं में से एक, पारंपरिक रूप से सोनामर्ग- बालटाल और पहलगाम मार्गों से संचालित की जाती है।

# उप्र में प्रचंड तपिश से राहत पहुंचाएंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में 23 मई को आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं, जिसके चलते तापमान में मामूली गिरावट आने का अनुमान है।


मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर पाकिस्तान से बांग्लादेश तक विस्तृत द्रोणी के कारण चल रही आर्द्र पुरवा के प्रभाव से बुन्देलखंड को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में दैनिक उतार चढ़ाव के बावजूद यद्यपि अधिकतम तापमान सामान्य अथवा सामान्य से कम बने हुए हैं। हालांकि वायुमंडलीय आर्द्रता का स्तर बढ़ने से आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है। उन्होने बताया कि बुन्देलखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा एवं झांसी में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किए गए। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा भी रिकॉर्ड की गई।

विभाग के अनुसार आगामी 24-48 घंटों के दौरान इन परिस्थितियों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा 22 मई को अरब सागर में संभावित निम्न दाब क्षेत्र एवं इसके उत्तरोत्तर घानीभूत होते हुए उत्तर दिशा की ओर बढ़ने से अरब सागर से आने वाली नम दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं का प्रदेश में चल रही पुरवा हवाओं के साथ समागम के परिणामस्वरूप 23 मई से प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफल एवं तीव्रता दोनों में वृद्धि होने से तापमान में थोड़ी और गिरावट आने की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में मचा कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफ़ावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही, वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974 में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई, वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059. 42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24,996.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,010.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,669.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान संसेक्स में आईटीसी, इंफ़ोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे।

# उठाव कमजोर, खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



**चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे**

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट की तेजी के साथ 3926 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट गिरकर 49.30 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिला. जुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गए, जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल में 147 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पोस्टर वॉर...** को राहुल गांधी ने एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर कर जयशंकर पर पाकिस्तान को जानकारी देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा कि सरकार ने ऐसा किया। उन्हें किसने अधिकार दिया? इसके चलते हमें वायुसेना को कितने विमान गंवाने पड़े? विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया था। वहीं, डीजीएमओ राजीव घई ने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इन्कार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 19 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

**संसदीय दलों...**

की प्रियंका चतुर्वेदी, नामांकित गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के डा. अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य और श्री एमजे अकबर हैं। इस समूह में राज. दूत पंकज सरन भी शामिल होंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व वाला तीसरा समूह 22 मई को जापान, 24 मई को दक्षिण कोरिया, 27 मई को सिंगापुर, 28 मई को इंडोनेशिया और 31 मई को मलेशिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान, भाजपा के बृजलाल, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाजपा के प्रधान बरुआ, भाजपा के हेमांग जोशी और सलमान खुर्शीद हैं। राजदूत मोहन कुमार भी इस समूह का हिस्सा होंगे। शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले चौथा समूह 21 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 24 मई को कांगो, 28 मई को सिएरा लिओन और 31 मई को लाइबेरिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की बांसुरी स्वराज, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा के अतुल गर्ग, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और भाजपा के एसएस आहलूवालिया हैं। इस समूह में राजदूत सुजॉन चिनॉय भी शामिल होंगे। कांग्रेस के शशि थरूर के नेतृत्व वाला पांचवां समूह 25 मई को गुयाना, 27 मई को पनामा, 29 मई को कोलंबिया, 31 मई को ब्राज़ील और तीन जून को अमेरिका जाएगा।

इस समूह के अन्य सदस्य लोक जनशक्ति पार्टी की शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा और भाजपा के तेजस्वी सूर्या हैं। इस समूह में राजदूत तरणजीत संधू भी शामिल हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले छठवां समूह 22 मई को रूस, 25 मई को स्लोवेनिया, 27 मई को यूनान, 29 मई को लात्विया और 31 मई को स्पेन जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य समाजवादी पार्टी के राजीव राय, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा के कैप्टन बृजेश चौटा, राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद गुप्ता और आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल हैं। इस समूह में राजदूत मंजीव पुरी और राज. दूत जावेद अशरफ भी शामिल होंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला सातवां समूह 24 मई को कतर, 27 मई को दक्षिण अफीका, 29 मई को इथिओपिया और एक जून को मिस्र जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी, आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस के मनीष तिवारी, भाजपा के अनुराग ठाकुर, तेलुगु देशम पार्टी के लावू श्री कृष्ण देवरायालु, कांग्रेस के आनंद शर्मा और भाजपा के वी. मुरलीधरन शामिल होंगे। इस समूह में राजदूत सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गुजरात समाचार के संच. ालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं, बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है, लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी व भाजपा में करार के आसार वार्ड समितियों के चुनावों को लेकर बातचीत शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आप से अलग हुए १५ पार्षदों की इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और भाजपा के बीच एमसीडी में वार्ड समितियों के चुनाव के लिए गठबंधन होने की संभावना है। उनके बीच खासकर रोहिणी, पश्चिमी और दक्षिणी जोन की वार्ड समितियों के चुनावों को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। भाजपा और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के बीच गठबंधन होने पर आप के लिए दूसरा बड़ा झटका होगा, क्योंकि वह तीन वार्ड समिति से बेदखल हो सकती है।

रोहिणी, पश्चिमी और दक्षिणी जोन ऐसे हैं जहां १५ पार्षदों के पार्टी छोड़ने से आप का बहुमत या तो कमजोर हो गया है या फिर पूरी तरह खत्म हो चुका है। तीन जोन में से दो में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और एक में भाजपा के चुनाव लड़ने की संभावना है। रोहिणी जोन में आम आदमी पार्टी का बहुमत नहीं रहा। यहां कांग्रेस के दो पार्षदों के हाथ में सत्ता की चाबी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्षदों के भाजपा के बजाय इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को समर्थन देने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इसलिए भाजपा इस वार्ड समिति को इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को दे सकती है।दक्षिणी जोन में आम आदमी पार्टी बहुमत खो चुकी है।

यहां उसके पास केवल १० पार्षद बचे हैं, जबकि भाजपा और अन्य दलों के पार्षदों की संख्या भी १० ही है। गत वर्ष इसी जोन में भाजपा ने आप के कुछ पार्षदों से क्रॉस वोटिंग करा कर समिति में अपनी स्थिति मजबूत की थी। इस बार भी भाजपा को इसी रणनीति से लाभ मिलने की संभावना है। इस वार्ड समिति को भाजपा अपने पास रखने के पक्ष में है, वहीं इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को भी भाजपा की मांग पर कोई आपत्ति नहीं बताई जा रही है। पश्चिमी जोन की वार्ड समिति में आम आदमी पार्टी को मामूली बढ़त है। यहां आप के पास बहुमत का आंकड़ा जरूर है, लेकिन यह बढ़त केवल एक पार्षद की है। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का दावा है कि वह आप के पार्षदों में तोड़फोड़ कर समीकरण बदल सकती है और वह वार्ड समिति पर दावा प्रस्तुत कर रही है। एमसीडी में आम आदमी पार्टी से अलग हुए १५ पार्षदों के गुट को औपचारिक मान्यता मिल गई है। एमसीडी ने इस गुट को 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' के रूप में मान्यता देते हुए सिविक सेंटर में अलग कार्यालय भी उपलब्ध करा दिया है।

# टिकट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से फ्लाइट टिकट बुकिंग के बहाने लोगों से धोखाधड़ी की वारदात में वांछित ट्रैवल एजेंट सागर वशिष्ठ को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता, नीलेश मित्रा ने ट्रैवल एजेंट सागर वशिष्ठ के माध्यम से कनाडा के लिए १८ लाख से अधिक मूल्य की वापसी योग्य फ्लाइट टिकटें बुक कीं, जिन्होंने मेक माई ट्रिप से झूठा दावा किया था।

पैसे वापिस मांगने पर आरोपी ने सिर्फ ७५ हजार रुपये ही वापिस किये थे। जांच से पता चला कि सागर ने बुकिंग करने के लिए फर्जी ईमेल अकाउंट और अनधिकृत संचार चौनलों का इस्तेमाल किया था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उसको जमानत मिल गई थी। लेकिन वह वापिस जेल नहीं गया। उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिये गोवा, नासिक, देहरादून, वाराणसी और हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रों में अपना ठिकाना बदल रहा था। एसीपी अजय कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मंजीत के निर्देशन में पुलिस टीम ने उसे हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के कसोल में हूपर्स हॉस्टल के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर पता चला कि वह वर्ष २०१३ में आईपी विश्वविद्यालय से स्नातक है। वह दिल्ली के एचडीएफसी बैंक में सेल्समैन के रूप में काम करता था। उसने यूपी में 'ट्रैवल्स टॉम' नाम से एक काल्पनिक ट्रैवल एजेंसी खोली। वह गोवा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित भारत के कई स्थानों पर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ट्रैवल एजेंसी व्यवसाय में शामिल रहा था। वह ग्राहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकट बुक व यात्रा में उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता था।

## पटपड़गंज क्षेत्र को सट्टा से मुक्त करने का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटपड़गंज के विधायक रविंद्र नेगी का कहना है कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र में सट्टा व अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देंगे।पुलिस को कार्रवाई करनी ही पड़ेगी। युवाओं को नशे की दलदल में फंसने नहीं दे सकते। जहां भी जिसकी भी मिलीभगत से सट्टा चल रहा है, वह उसे बंद करवाएंगे। विधायक ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि खिचड़ीपुर में फुटपाथ पर अवैध रूप से बनी एक झुग्गी में एक शख्स सट्टा चलाता है। वह स्थानीय लोगों के साथ खुद वहां पर पहुंचे। सट्टा चलाने वाले को पकड़कर पुलिस को सौंपा और उसकी झुग्गी तुड़वा दी। उन्होंने कहा कि वह शाम व रात के समय में पार्कों में निरीक्षण कर रहे हैं, देख रहे हैं कोई असामाजिक तत्व पार्क में बैठकर नशा तो नहीं कर रहा है। जो नशा करते हुए मिलता है उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया जाता है।

## सिक्योरिटी गार्ड का शव नाले में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित नाले में फैक्टरी सिक्योरिटी गार्ड का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सिक्योरिटी गार्ड की मौत का कारण पता लग पाएगा। जानकारी के मुताबिक पुलिस को शाम वजीराबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित बी ब्लॉक के नाले में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। शुरूआती जांच में मृतक सिक्योरिटी गार्ड की पहचान जहांगीरपुरी के रहने वाले ४३ साल के मुश्ताक के रूप में हुई है। जिसके परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। पुलिस फैक्टरी मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।

## घोषित बदमाश धरे

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर और नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने घोषित बदमाश बाप बेटे और तीन किशोरों को पकड़ा है। जिन्होंने कुछ ही घंटे में दो वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों की पहचान रोहित और हर्ष के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से लूट का सामान जब्त किया है। रोहित का बेटा हर्ष है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार को जे जे कॉलोनी बवाना से सटे कब्रिस्तान के पास युवक पर जानलेवा हमला करके तीन बदमाशों ने फोन लूट लिया था। बदमाश झाडियों में भाग गए थे। जबकि सोमवार को भलस्वा डेयरी गुरुद्वारे के पास स्कूटी सवार बदमाशों ने युवक से जबरन फोन लूट लिया था। स्वरूप नगर पुलिस ने इलाके से आरोपी रोहित और हर्ष को गिरफ्तार किया।

## एक नजर

### आप छोड़ पार्षद बॉबी किन्नर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुलतानपुरी वार्ड संख्या-43 से निगम पार्षद बॉबी किन्नर मंगलवार को आम आदमी पार्टी छोड़कर नवगठित इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में शामिल हो गये। पार्टी के नेता मुकेश गोयल, हेमचंद गोयल, संजय शर्मा, अनिल राणा सहित कई निगम पार्षदों की मौजूदगी में बॉबी ने अपना अनुरोध पत्र सोंपा। बॉबी किन्नर ने सिविक सेंटर स्थित पार्टी कार्यालय में कहा कि 'बीते ढाई वर्ष से आप नेताओं ने उन्हें बंधुआ मजदूर समझ रखा था।' बॉबी किन्नर ने अपने पत्र में कहा कि '२०२२ में वह आप के टिकट पर चुनी गई थी, परंतु दिल्ली नगर निगम में सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडी को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय ना के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई और जनता से किये गये वादों को पूरा न कर पाने के कारण मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।'

पार्टी नेता मुकेश गोयल ने कहा कि एमसीडी में एक मात्र किन्नर निगम पार्षद बॉबी आज हमारी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में शामिल हुई हैं। अभी कई अन्य निगम पार्षद भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वह निगम पार्षद जनता के लिए काम करना चाहते हैं, परंतु वह काम नही कर पा रहे हैं। जिसकी वजह से परेशानी हो रही है। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि हम जनता से जुड़े मुद्दों पर काम करेंगे। सत्ता पक्ष यदि जनता के हित में कोई प्रस्ताव लायेगा तो हम उसका समर्थन करेंगे और यदि विपक्ष जनता से जुड़े मुद्दों को उठायेगा तो हम उसका भी समर्थन करेंगे।

### जेल में भेंट को आने वालों के लिए एक नई पहल




**नई दिल्ली।** सायबेज सॉफ्टवेयर की सीएसआर शाखा, सायबेज फाउंडेशन ने आज पुणे की ऐतिहासिक येरवडा मध्यवर्ती कारागृह में रखे कैदियों से मिलने आने वाले ऊनके परिवारोंजनो की सुविधा के लिए हाल ही में बनाए गए प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया, जिसमें लोगों के आराम के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां आने वाले लोगों की भलाई के लिए शुरू की गई ये पहल सायबेज की इस सोच पर आधारित है कि हर इंसान सम्मान का हकदार है, खासकर जो लोग जेल के बाहर रहकर अपनों के कैद में होने की मानसिक पीड़ा को सह रहे हैं।सायबेज फाउंडेशन की प्रमुख और सायबेज सॉफ्टवेयर की बोर्ड डायरेक्टर रितु नथानी ने इस बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ष्ये सिर्फ ईंट और सीमंट से बनी इमारत नहीं है; बल्कि ये एक ऐसी जगह है, जिसे हमदर्दी की भावना और कुछ भी कहे बिना पीड़ा सहने की गहरी समझ के साथ बनाया गया है। पुणे के येरवडा मध्यवर्ती कारागृह के कारागृह -अधीक्षक, सुनील ढमाल ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे ऐतिहासिक सहयोग बताया है।

### मोबिक्विक ने की इनकम रिजल्ट्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** डिजिटल वॉलेट, वन मोबिक्विक सिस्टम्स (मोबिक्विक) (एनएसई: मोबिक्विक/बीएसई: 544305) ने 31 मार्च,2025 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने इनकम रिजल्ट्स (स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड) की घोषणा की।कुल आय: कुल आय 11,925 मिलियन रही, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 34% अधिक है, यह पेमेंट्स रेवेन्यु में 142% की मजबूत वृद्धि द्वारा प्रेरित है। योगदान मार्जिन: कंपनी की कमाई का ज्यादातर हिस्सा पेमेंट्स से आ रहा है, जिसके कारण योगदान मार्जिन 30% कम है; लोन सेक्टर में चुनौतियों की वजह से फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स से कम रेवेन्यु मिला है।

### हमारी सेना ने मनवाया पूरी दुनिया में अपना लोहा: लवली



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और पाकिस्तान के खिलाफ की गई सख्त सैन्य कार्रवाई के समर्थन में भारतीय सेनाओं के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में राजगढ़ कॉलोनी मदर डेयरी से कांति नगर गली नंबर ११ तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा 'सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी 'के बैनर तले आयोजित इस यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। यात्रा की अगवाई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सरदार अरविंदर सिंह लवली, जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी ड्रा अनिल जैन, पार्षद प्रिया कांबोज और नीलम चौधरी, भाजपा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पूर्व पार्षद सुरिंदर शर्मा व नीरज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सचिन चौहान, रविन्द्र कुमार, हरविंदर वर्मा, राजेश शर्मा, रिंकू जैन, कृष्ण भारद्वाज,राकेश गहलोत, विनोद जैन, चमन भारद्वाज सहित सैकड़ो समर्थकों के साथ सेना के सेवानिवृत सैनिक भी यात्रा में शामिल हुए। नेताओं के अलावा सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स आपदा मित्र होमगार्ड के जवान एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट,तूं, मंदिरों के प्रधान, मार्केट एसोसिएशन,स्कूलों के स्टूडेंट, भारी संख्या में वकील और डॉक्टर के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साह से तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। सबसे पहले अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे और शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सरदार अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी एकजुट आस्था और शहीदों के प्रति कृतज्ञ काप्रतीक है। विश्व में सर्वाधिक लोक. प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने आतंकवाद के खिलाफ जैसे दृढ़ता समर्पण और पराक्रम का परिचय दिया है। प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता ने कहां की कभी हमारे सैनिकों के कौशल पर सवाल उठाकर सबूत मांगने वाले लोग आज सरकार के विवेक पर सवाल उठा रहे हैं। यह लोग कल भी राष्ट्र विरोधी थे, आज भी राष्ट्र विरोधी हैं।




**दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) के नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान 2025' के तहत स्मार्ट कोल्ड आरओ वाटर डिस्पेंसर और 'जल दूत' पहल की शुरुआत की।**

# नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर 'जल दूत' पहल की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाओं को और बेहतर बनाने और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान २०२५' की शुरुआत हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा की गई है, जिससे दिल्ली को हीटवेव-रेजिलिएंट बनाया जा सके। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने आज दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) के नेहरू प्लेस बस टर्मिनल पर 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान २०२५' के तहत स्मार्ट कोल्ड आरओ वाटर डिस्पेंसर और श्जल दूतश पहल की शुरुआत की। यह पहल राजधानी में गर्मी के प्रकोप से यात्रियों को राहत प्रदान करने के लिए उठाए गए अनेक प्रयासों में एक अहम कदम है। इस दौरान मंत्री ने स्वयं 'जल दूतों' से जल ग्रहण कर न केवल उनकी सेवा भावना की सराहना की, बल्कि उन्हें दिल्ली सरकार की इस मानवीय पहल का प्रतीक भी बताया।

इस योजना के तहत दिल्ली के सभी बस टर्मिनल पर स्मार्ट कोल्ड आरओ वाटर डिस्पेंसर लगाए जा रहे हैं। इसे १४ बस टर्मिनल पर लगाया जा रहा है। इसके अलावा ५०० से अधिक बस स्टाप पर श्जल दूतश वॉलंटियर्स तैनात किए जा रहे हैं, जो यात्रियों को ठंडा और साफ पानी देंगे।

# रघुबीर नगर हत्याकांड में मृतक की पत्नी ने किए खुलासे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाक में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। जिसमें एक युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पत्नी ने घटना को लेकर आपबीती सुनाई है। बहन से बदसलूकी का विरोध करने पर दो नाबालिगों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पत्नी ज्योति ने बताया कि हम सभी लोग घर में थे, पति नहाने गए थे। तभी पति ने ज्योति ज्योति आवाज लगाई तो हम भागकर गए।

कुछ लड़के थे। चाकू मारकर घर से बाहर गली की तरफ भागे। इस दौरान और भी एक दो गली के लोग थे। उनके भी चाकू लगा है। मेरे पति, ननद और एक अन्य गली के शख्स हैं वो चाकू से घायल हो गए। दो साल पहले विवाद हुआ था। ननंद के साथ बदतमीजी की थी। आरोपियों का घर आना जाना था। बीच में एक दो बार उनकी बातों से शक हुआ। तब मेरा ऑपरेशन हुआ था। इन लोगों ने मेरे पति का सिर फाड़ डाला था। तब हमने केस किया था। पुलिस ने वापस केस लेने को कहा पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छानबीन करते हुए वारदात में शामिल एक नाबालिग को पकड़ लिया है, जबकि मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।पश्चिम जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पीयूष जैन ने बताया कि रविवार देर रात करीब ३.१५ बजे ख्याला थाना पुलिस को गोबिंद सिंह अस्पताल से तीन लोगों को चाकू मारने की जानक.ारी मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां पता चला कि रघुवीर नगर निवासी २९ साल के कंवलजीत सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। उसकी बहन बलजीत कौर और पड़ोसी कमल कुमार का इलाज चल रहा था। बलजीत कौर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका भाई कंवलजीत डिलीवरी बॉय था। रात में वह घर की तीसरी मंजिल पर था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग तीसरी मंजिल पर पहुंच गए और उसके भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने लगे। कंवलजीत जान बचाने के लिए भागा। नीचे आरोपियों ने उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर दूसरी मंजिल से वह नीचे आई। इतने में शोर सुनकर पड़ोसी कमल कुमार भी पहुंचा। दोनों ने बीच बचाव की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया।

जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि चार महीने पहले रघुवीर नगर निवासी एक नाबालिग ने बलजीत से बदसलूकी की थी। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज भी की। इस बात का पता चलने पर कंवलजीत ने नाबालिग को पीट दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों की पहचान कर ली।

पुलिस ने घटना में शामिल एक नाबालिग आरोपी को सोमवार तड़के इलाके से पकड़ लिया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि कंवलजीत के पिटाई करने से साथी गुस्सा था, इसलिए बदला लेने की साजिश रची थी। पुलिस मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

# नकली किताबों के साथ तीन को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने २.४ करोड़ रुपये की एनसीईआरटी की नकली किताबें पकड़ी हैं। पुलिस ने इस मामले में निशांत गुप्ता और उसके पिता प्रशांत गुप्ता और अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से १.७० लाख से अधिक नकली किताबें जब्त की गईं। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार शाहदरा पुलिस को सूचना मिली थी कि मंडोली रोड पर एक दुकान में एनसीईआरटी की नकली किताबों की बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर मुनिश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। साथ ही एनसीईआरटी के सहायक उत्पादन अधिकारी प्रकाशवीर सिंह को भी किताबों की प्रामाणिकता जां.चने के लिए बुलाया गया। पुलिस ने मंडोली रोड पर अनुपम सेल्स नामक दुकान पर छापा मारा, जहां प्रशांत गुप्ता और उसके बेटे निशांत गुप्ता को किताबें बेचते पाया गया। दुकान से सामाजिक विज्ञान की २७ जाली किताबें (कक्षा १२वीं) बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली के हिरणकी के एक गोदाम से नकली किताबें खरीदते थे। इसके बाद पुलिस ने हिरणकी के शिव एनक्लेव, कश्मीरी कॉलोनी में छापा मारा, जहां से लगभग १.७० लाख नकली किताबें बरामद की गईं।

## अप्राकृतिक यौन संबंध में वांछित पकड़ा

**नई दिल्ली।** डकैती और अप्राकृतिक यौन संबंध में वांछित आरोपी मोहम्मद अली उर्फ सुजा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। उसे कोविड-१९ महामारी के दौरान अप्रैल, २०२१ में आपातकालीन पैरोल दी गई थी, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद नवलख उंब्रे, पुणे, महाराष्ट्र में एक कारखाने स आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आनंद विहार और थाना मधु विहार में डकैती के तीन मामलों में शामिल रहा है। पुलिस से बचने के लिये वह अपनी पहचान से बचने के लिए बार-बार अपना हुलिया, आवासीय पता और मोबाइल नंबर बदल रहा था।

# अमृता विश्व विद्यापीठम् व सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी हिमालय में आपदा प्रबंधन और साम.ुदायिक सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से, अमृता विश्व विद्यापीठम् और सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु सहनशीलता और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार है। इस एमओयू पर 10 मई को एसएसडीएमए के निदेशक प्रभाकर राय और अमृता डब्लूएनए की प्रोवोस्ट एवं निदेशक डॉ. मनीषा विनोदिनी रमेश ने हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी अमृता स्कूल फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर्स , अमृता सेंटर फॉर वायरलेस नेटवर्क्स एंड एप्लिकेशंस (अमृता डब्लूएनए ) और यूनेस्को चेयर ऑन एक्सपीरियेंशियल लर्निंग के सहयोग से की गई है।समारोह में सिक्किम सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें भूमि राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एम.टी. शेर्पा ( आईएएस ), एसएसडीएमए के निदेशक



प्रभाकर राय, अतिरिक्त निदेशक राजीव रोका और प्रशिक्षण अधिकारी केशव कोईराला शामिल थे। अमृता की ओर से रंजीथ मोहन (प्रोग्राम मैनेजर ख्र लाइव-इन-लैब्स) नितिन एम (प्रोजेक्ट मैनेजर, डब्लूएनए), अमृतेश, हरि चंदना, रेशमा ए.एस. (रिसर्च एसोसिएट्स) और बिचु (फील्ड एसोसिएट) उपस्थित रहे। डॉ. मनीषा वी. रमेश ने कहा, यह साझेदारी सिक्किम में पिछले एक दशक की निरंतर सहभागिता और विश्वास का परिणाम है। वहीं एसएसडीएमए के निदेशक प्रभाकर राय ने कहा, "यह सहयोग राज्य में आपदा प्रबंधन को नई दिशा देगा।

# यूजर चार्ज पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जब दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का बहुमत था, तब नगर निगम के सदन की बैठक का आयोजन किया गया और उसमें सदन का बजट पेश हुआ और पारित हुआ। उस समय पर आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद द्वारा एक विशेष मांग उस बैठक में रखी गई थी, कि दिल्ली में १०० गज तक के सभी मकानों पर हाउस टैक्स माफ कर दिया जाए और ५०० गज तक के सभी मकान पर हाउस टैक्स आधा कर दिया जाए, और उस मांग को बजट के अंदर सम्मिलित किया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के ऊपर यूजर चार्ज के नाम पर एक ऐसा टैक्स थोप दिया, कि मान लीजिए यदि आपकी संपत्ति कर ढाई हजार रुपए है, तो यह यूजर चार्ज उस ढाई हजार रुपए से भी अधिक बन रहा था और यह यूजर चार्ज नगर निगम के कमिश्नर द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (कूड़ा उठाने) के नाम पर दिल्ली की जनता पर थोपा गया।वही प्रेस वार्ता में मौजूद आम आदमी पार्टी के नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने पत्रकारों को बताया की यूजर चार्ज के नाम पर जो दिल्ली की जनता से भारतीय जनता पार्टी मनमाना टैक्स वसूल रही है, यदि किसी व्यक्ति की संपत्ति का कर ढाई हजार रुपए बनता है तो यह यूजर चार्ज लगभग ५००० रुपए बनता है। अर्थात उस व्यक्ति को संपत्ति कर ढाई हजार रुपए के साथ-साथ लगभग ५००० यूजर चार्ज के नाम पर अतिरिक्त देने होंगे।

## दो सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद पकड़े बदमाश

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर पुलिस ने ड्रग्स और मौजमस्ती के लिये वारदात करने वाले दो बदमाशों रिंकू उर्फ पिली और राहुल उर्फ तिलक को मोबाइल फोन और चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को दो सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आरोपी रिंकू उर्फ पिली २० से अधिक वारदातों में शामिल रहा है। बीते रविवार सुबह १० बजकर ५० मिनट पर जब महिला शिकायतकर्ता हकीकत नगर से विजय नगर सिंगल स्टोरी की ओर जा रही थीं। विजय नगर के हाउस नंबर डी-४४ से गुजरते समय,स्कूटी सवार दो युवकों ने उससे झपटमारी की थी।

# ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर में एक दिव्य एवं ओजस्वी संगोष्ठी का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदुत्व की पुनर्स्थापना, सनातन संस्कृति की रक्षा, और राष्ट्र के रक्षक वीरों को सम्मान देना था।स्वामी संतोषानंद जी महाराज ने उद्घाटन भाषण में कहा:झ "सनातन धर्म किसी जाति का नहीं, यह समस्त मानवता की आत्मा है। अब समय आ गया है कि हम केवल साधना नहीं, साहस और संगठन के पथ पर चलें।हमें संत नहीं ख्र संगठित सनातनी बनना है जो धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा कर सके।

कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों को शत-शत नमन किया गया और पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष सैलानियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर अमेरिका से जगतगुरु साई मां लक्ष्मी देवी जी ने लाइव जुड़ते हुए कहा: किझ "भारत का सनातन धर्म विश्व को सिखाता है ख्र 'वसुधैव कुटुम्बकम्'। जो भी इसका अपमान करे, उसका प्रतिकार धर्म है।" विशिष्ट अतिथि श्री श्री १००८ महामंडलेश्वर डॉ तारासुत मनुश्री सिद्धनाथ जी महाराज ने कहा: अब वक्त सहिष्णुता से नहीं, साहस से जवाब देने का है।



## तपती-जलती गर्मी ने झुलसाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सूरज ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते दो दिन से बारिश के यलो अलर्ट के बाद भी बदरा नहीं बरस रहे हैं। आलम यह है कि लोगों को तपती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दिन ही नहीं, बल्कि सुबह से लेकर शाम तक सूरज ने आग बरसाना शुरू कर दिया है। ऐसे में गर्मी सितम ढ़ा रही है। वहीं, मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज से २५ मई तक बारिश की संभावना है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हल्की से बहुत हल्की बारिश से साथ और तेज हवाएं ३०-४० किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से ५० किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में न्यूनतम तापमान में कमी आएगी। पारा गिरकर ३८ डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

मंगलवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३९ और २८ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। सुबह से ही सूरज अपने तेवर दिखाने लगा था। दिन चढ़ते-चढ़ते आसमान से आग बरसने लगी। ऐसे में लोग गर्मी से हलकान दिखे। शाम व रात के समय भी यह समस्या कम नहीं हुई। पसीने से लोग तरबतर दिखे। हालांकि, मौसम विभाग ने बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था। लेकिन बारिश नहीं हुई।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### झारखंड से तस्करी करके लाई जा रही अफीम

# 50 लाख की अफीम बरामद, तस्कर दबोचा



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच और साहिबाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए झारखंड से तस्करी करके लाई जा रही दो किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत 50 लाख रुपए है। तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस के हाथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां लगी है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।

अपर पुलिस उपायुक्त पीयूष सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर का नाम शंभू कुमार निवासी झारखंड है। तस्कर ने पूछताछ में बताया कि वह कक्षा 12वीं तक पढ़ा हुआ है। पढ़ाई छोड़ने के बाद उसने मैकेनिक का काम सीखा और एक दुकान पर काम करने लगा। इसके साथ ही ड्राइविंग भी सीख ली। पहले तो वह दूसरों की गाड़ी बुकिंग पर चलता था, लेकिन बाद में अपनी पुरानी स्कॉर्पियो खरीदी और उसे भाड़े पर चलने लगा। बताया कि इसी दौरान उसकी पहचान बड़े भाई के परिचित उपेंद्र निवासी झारखंड से हुई। जिसने उसे अफीम की तस्करी के बारे में बताया और कहा कि इसमें मोटी कमाई होती है। इसके बाद वह तस्करी के धंधे में उतर गया। उपेंद्र के बताए स्थान पर अफीम की तस्करी करके वहां पहुंचने लगा तथा इस धंधे को छह महीने से अंजाम दे रहा था।

वह अफीम की अलग-अलग बसों में और ट्रेनों से तस्करी करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तस्कर के पूछताछ के दौरान तस्करी से जुड़े कई नाम प्रकाश में आए हैं। टीमें बनाई गई है, जो तस्करों की धरपकड़ में जुड़ गई है।

## क्षत्रिय समाज ने मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर स्थित कार्यालय प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान जयंती के उपलक्ष्य्य में एक समारोह का आयोजन किया गया , जिसमे सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण, एव दीप प्रज्वलित किया गया, वक्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारत वर्ष के महान सम्राट थे, वो शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे। उन्होंने विदेशी आक्रमण कारियों को युद्धभूमि में अनेकों बार परास्त किया। आज के युवाओं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का अनुसरण करना चाहिए, और देश के लिए सबकुछ बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। पृथ्वीराज चौहान ने 13 वर्ष की उम्र मे अजमेर के राजगढ़ की गद्दी को संभाला। वह अंतिम समय तक देश की रक्षा के लिए लड़ते रहे। ऐसे देश भक्त को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाई खके सेंगर ने की , वक्ताओं में अरुण तोमर , बलदेव ठाकुर, मुकेश चौहान, सोनू ठाकुर, अनूप ठाकुर ने अपने विचार रखे, देवेंद्र चौहान, रवि राघव, अजय चौहान, रवि कठेरिया , मोनू सोम मनोज चौहान, पवन चौहान, रविकांत ठाकुर, टिंकू ठाकुर, कुशाल नेगी , राहुल चौहान, रोहित , देवेंद्र राघव, जितेंद्र ठाकुर, दीपक कठेरिया, ओमेंद्र चौहान , चेतन राघव आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया ।छात्रों को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए ।

कक्षा 12वीं के मेधावी त्रिशा शर्मा, चिराग गुप्ता, रिशांक गुप्ता, गौरी वशिष्ठ, रुद्रअग्रवाल, सिद्धि, मानवी, नैना, कृश्टिना, व 10वीं के इति, निमिता, आयुष, आदि मेधावियों को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि रोबोटिक और आर्टिफिशल इन्टेलिजेनसी की विद्यालय में अत्याधुनिक दो उत्कृष्ट प्रयोगशालाएं चलाई जा रही हैं जोकि स्कूल के चेयरमैन

उमेश मोदी जी एवं उनकी धर्मपत्नी कुमकुम मोदी जी की दूरदर्शिता के कारण संभव हुआ। साथ ही स्कूल में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना भी की गई है। संस्था के प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी उमेश मोदी के इस सकारात्मक योगदान की सराहना की है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधन राजीव बोबल, आर के तायल, डॉ जे सी चावला, प्रधानाचार्य, डॉ एन पी सिंह, उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता भी उपस्थित रहें।

## लोनी से शाहदरा टर्मिनल तक शुरू हुई इलेक्ट्रिक एसी बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आज लोनी के इंदिरापुरी से दिल्ली के शाहदरा टर्मिनल तक इलेक्ट्रिक बस सेवा की इंदिरापुरी 2 नम्बर से औपचारिक शुरुआत की गई। इस नई सार्वजनिक परिवहन सेवा का शुभारंभ स्थानीय विधायक श्री नन्दकिशोर गुर्जर ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया।

विधायक ने बस चालकों और परिचालकों को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने दिल्ली मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया। शुभारंभ के दौरान विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कहा "लोनी क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन दिल्ली आते-जाते हैं, लेकिन उन्हें सुगम और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा की कमी खलती थी। पूर्व में इस रूट पर बसें चलती थी लेकिन केजरीवाल सरकार ने इसे बंद कर दिया था। यह ऐतिहासिक फैसला है। दिल्ली में सरकार बदली जनता की इसी पुरानी मांग को देखते हुए हमने लगातार प्रयास किए और आज वह सपना साकार हुआ है।

इस रूट पर पांच बसें स्वीकृत हुई है इसके लिए मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस रूट पर पुन: बस सेवा बहाली की स्वीकृति दी।" विधायक ने बताया कि यह सेवा न केवल दिल्ली-लोनी के बीच यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि प्रदूषण रहित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एक नजर

## नितिन तंवर के हरफनमौला प्रदर्शन से एल बी शास्त्री क्लब जीता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच मे नितिन तंवर 30 रन देकर 3 विकेट व 35 रन के योगदान से एल बी शास्त्री क्लब ने रवि ब्रदर्स क्लब को 6 विकेट से हरा दिया।

टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि ब्रदर्स की टीम मात्र 33 ओवर मे 165 रनो पर सिमट गई लक्ष्य प्राप्ति हेतु विकास दीक्षित ,नितिन तंवर, व सुमित चिकारा ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी कर टीम को 21 ओवर मे जीत दिला दी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नितिन तंवर को पूर्व रणजी खिलाड़ी दिनेश तोमर ने प्रदान किया। प्रमुख स्कोर ÷ रवि ब्रदर्स क्लब: 165 रन सभी आउट 33 ओवर मे। शिवांश शर्मा 34 रन ( 5 चौके) अंकित नेगी 28 रन (1 चौका) यथार्थ सिंह 07-01-17-03 नितिन तंवर 07-01-30-03 एल बी शास्त्री क्लब:166 रन 4 विकेट पर 21 ओवर मे। विकास दीक्षित 39 रन (5 चौके, 1छका) नितिन तंवर 35 रन (3 चौके) सुमित चिकारा 44 रन अविजित ( 4 चौके, 2 छके) अंकित भड़ाना 06-00-19-2 कल प्रात:काल यूपी पुलिस बनाम एल बी शास्त्री क्लब के मध्य अंतिम लीग मैच खेला जाएगा। 22 मई व 23 मई को सेमीफाइनल मैच आयोजित किए जाएंगे।

## होटल में बवाल, महिला और युवकों ने कर्मचारी को पीटा

**गाजियाबाद।** यूएस होटल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां दो महिलाओं और पांच युवकों ने मिलकर होटल कर्मचारी के साथ मारपीट की। यह पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के अनुसार, होटल का एक कर्मचारी अपने कमरे में आराम कर रहा था, तभी दो महिलाएं वहां पहुंचीं और उसे थप्पड़ मारा। इसके बाद, उन्होंने उसे लात मारी और गाली-गलौज करने लगीं। कुछ ही देर में पांच युवक भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने भी कर्मचारी के साथ मारपीट की। इस दौरान, उन्होंने कर्मचारी को लात-घूंसों से पीटा और अपशब्द कहे।

बता दें की पीड़ित कर्मचारी ने सोमवार रात को लोनी बॉर्डर थाने में सात लोगों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और लूट की धाराओं में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के लोनी निवासी उज्जवल पुत्र सोमप्रकाश का लोनी बार्डर में यूएस के नाम से होटल है। रविवार को दिल्ली के बदरपुर निवासी सलमान इस होटल में अपनी गर्लफ्रैंड को लेकर पहुंचा था। जिसके बाद सलमान नाम का यह युवक जब अपनी प्रेमिका के साथ होटल से निकला तो सलमान ने अपनी प्रेमिका को होटल के बाहर ही मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसके बाद होटल के कर्मचारियों ने सलमान से उसकी प्रेमिका को बचाया और दोनों को समझाकर घर भेज दिया। सोमवार की शाम, सलमान अपने साथियों और दो महिलाओं के साथ गाजियाबाद के यूएस होटल पहुंचे। होटल कर्मचारी गौरव उस समय बेंच पर आराम कर रहे थे। महिलाओं में से एक ने आते ही गौरव को थप्पड़ मारा, लेकिन वह वहीं लेटे रहे। इसके बाद, महिला ने उनकी बाजू पकड़कर खींचा और लात मारी, साथ ही गालियां देते हुए उन्हें बाहर चलने को कहा। इस दौरान, सलमान के अन्य साथियों ने भी गौरव को थप्पड़ और लात मारी।

## मोदीनगर में शटलर्स ग्रुप ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शटलर्स ग्रुप द्वारा हिट एन फिट बैडमिंटन अकादमी में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 टीमों ने बहुत ही शानदार तरीके से खेला जिसमें 20 लीग मैच खेले गए।

4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची और अंत में फाइनल मैच के 3 सेट खेले गए जिसमें अंकुश त्यागी और विशाल वशिष्ठ ने बाजी मारी।

अन्य खिलाड़ियों में डॉ निहार मित्तल,डॉ अभिषेक चौधरी,अनिल नैन, पीके शर्मा, मोनू त्यागी, जगमोहन सिंह, शोभित गुप्ता, आशु अग्रवाल, देवांश माहेश्वरी, सार्थक त्यागी, रिदम अग्रवाल, संकेत कंसल, लिबिन, शिवांक, अमित मलिक, आशु मलिक, सुमित चौधरी, शुभम अग्रवाल शामिल रहे।

## नेहरु वर्ल्ड स्कूल का पहला आईजीसीएसई रिजल्ट 100 प्रतिशत के साथ शानदार शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल का पहला कैम्ब्रिज आईजीसीएसई कक्षा 10 का रिजल्ट आया। 100% पास रिजल्ट के साथ शानदार शुरुआत हुई। मार्च में सम्पन्न हुई परीक्षा में 62% A-A' ग्रेड, 97.5% ने A' - C ग्रेड रहे। ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा हैं। यह स्कूल के लिए बहुत गर्व की बात है और आगे के लिए एक मजबूत शुरुआत भी। हमारे टॉपर्स:

अनवी सभरवाल ने सभी 7 विषयों में A' ग्रेड पाकर स्कूल टॉपर बनीं। अक्षरा सिंह ने 6 A' ग्रेड पाकर दूसरा स्थान हासिल किया।

गौरी सिंह को 5 A' ग्रेड के साथ तीसरा स्थान मिल। एक्जीक्यूटिव हेड सुसन होम्स ने कहा, 'हमारे पहले आईजीसीएसई बैच का इतना अच्छा प्रदर्शन देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। यह हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षकों की लगन का नतीजा है। यह रिजल्ट हमारे स्कूल के उज्ज्वल भविष्य की दिशा दिखाता है।'

कैम्ब्रिज आईजीसीएसई एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का कोर्स है जिसे दुनिया भर में माना जाता है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की यह पहली उपलब्धि दिखाती है कि स्कूल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## प्रेम त्रिकोण के चलते बड़े भाई को मारी गोली

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात विवाद होने पर युवक ने बड़े भाई की पिस्टल से गोली मार कर हत्या कर दी।दोनों के बीच काफी समय से एक महिला को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक निवाड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उधर मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव पेंगा निवासी पूनम देवी अपने दो पुत्र विक्रांत व निशांत के साथ रहती है। बताया जा रहा है कि उनके छोटे पुत्र निशांत के साथ एक महिला लिव इन में रहती है। महिला को लेकर दोनों भाईयों को अक्सर विवाद होता रहता था। सोमवार रात को फिर से इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि निशांत ने पिस्टल से बड़े भाई विक्रांत गोली मार दी।

गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस को घटना की सूचना दी। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय व निवाड़ी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपी को पकड़ लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## शौर्य के सम्मान में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा: टीटू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता इंदरजीत सिंह टीटू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश की सेना ने जो अपनी ताकत का एहसास कराया है पाकिस्तान को उनकी हर एक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है उनके शौर्य को प्रणाम करते हुए (खालसा तिरंगा यात्रा) के नाम से सिख समाज की तरफ से केसरी पगड़ी पहनकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर जय हिंद जय भारत/वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों का आगोश करते हुए निकली जाएगी।

उन्होंने बताया कि आज दिन बुधवार को निकाली जा रही है। इस यात्रा का आरंभ दिल्ली की सम्मानित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता झंडी दिखाकर करेंगी। इसमें मुख्य रूप से साथ रहेंगे यात्रा की अगवाई करते हुए दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व में रहे दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार मनिंदरजीत सिंह सिरसा जी और सिख समाज के सभी सम्मानित लोग रहेंगे।

मोटरसाइकिल पर सवार होकर इसके लिए एनसीआर के दिल्ली के गाजियाबाद के सिख समाज से निवेदन विशेष तौर से युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा में अपनी भागीदारी करें यह यात्रा इंडिया गेट (कर्तव्य पथ) तक जाकर समाप्त होगी

# केएनएमआईटी में डीबी आरआरटीएस ने किया भर्ती अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मोदीनगर ने अपने कैंपस में ट्रेन ऑपरेटर के पद के लिए डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें 3 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। डीबी आरआरटीएस की भर्ती टीम में सृष्टि जैन, भर्ती प्रमुख, चंद्र यादव, मुख्य सिस्टम एश्योरेंस अधिकारी और कुछ अन्य अधिकारी शामिल थे।

जैसा कि डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन के टी.पी.ओ. अजय प्रजापति ने बताया, डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदीनगर डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्रमुख सहयोगी है, जो ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोलर, अतिरिक्त किराया अधिकारी जैसे विभिन्न पदों के लिए पूल कैंपस आयोजित करता है। डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदीनगर ने पिछले एक साल में अब तक 8 ऐसे पूल कैंपस ड्राइव आयोजित किए हैं, जिनमें 25 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया और 3 से अधिक का चयन किया गया।

डॉयचे बान इंटरनेशनल ऑपरेशंस जीएमबीएच (डीबी आईओ), डीबी ईसीओ ग्रुप का एक हिस्सा है, जो डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक एक विशेष प्रयोजन वाहन के माध्यम से भारत के पहले क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) का प्रबंधन कर रहा है, जिसे नमो भारत के रूप में ब्रांडेड किया गया है, जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। यह आरआरटीएस परियोजना 82.15 किलोमीटर के नेटवर्क के माध्यम से दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ शहरों को जोड़ रही है, जिसमें 25 स्टेशन और दो डिपो शामिल हैं। 225 तक पूरी तरह से चालू होने के बाद, डीबी आरआरटीएस दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 4 ट्रेनों का संचालन करेगा और रेल बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए भी जिम्मेदार होगा।

संस्थान के इस प्रयास को फाउंडेशन के माननीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) डी. के. मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है। इस अवसर पर, फाउंडेशन के प्रशासक मेघराज शर्मा, रजिस्ट्रार यू. एन. मिश्रा और कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपांकर शर्मा तथा डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर रस्तोगी ने इस प्रयास की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### संबंध विच्छेद

मैं मुकेश पुत्र मंगू निवासी- म. नं- 184, मीरपुर हिन्दू थाना- ट्रोनिका सिटी लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र निक्की शर्मा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

## जनता महंगे बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से पहले ही त्रस्त

### पावर कॉरपोरेशन बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी में: संजीव शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगे बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से पहले ही त्रस्त है। ऊपर से अब संकट और बढ़ने वाला है। उन्होंने बताया कि यूपी पावर कॉरपोरेशन बिजली की दरों में 25% तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में है। बिजली की दरों में बढ़ोतरी की वजह से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ पहले से भी कहीं ज्यादा बढ़ेगा। पूंजीपतियों की गुलाम यह सरकार उनको फायदा पहुंचाने के लिए आम जनता को आर्थिक दलदल में ढकेल रही है। ऐसी भीषण गर्मी में लगातार बिजली महंगी करके सरकार जो पाप कर रही है, यही उसके पतन का कारण बनेगा।

# डॉक्टर डेथ गिरफ्तार, आश्रम में रह रहा था बाबा बनकर

**50 से ज्यादा हत्या करके शवों को नहर में मगरमच्छों को खिलाने वाला राजस्थान आश्रम से पकड़ा गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** २००२ और २००४ के बीच टैक्सी ड्राइवरों की कई हत्याओं में शामिल अलीगढ़ के रहने वाले डॉक्टर डेथ के नाम से देवेंद्र शर्मा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिसको आजीवन कारावास की सजा मिली हुई थी और वह पैरोल मिलने के बाद से फरार चल रहा था।

वह दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के अपहरण और हत्या के दर्जनों मामलों में शामिल था। आरोपी और अपने साथियों की सहायता से शवों को मगरमच्छों से भरे हजारा नहर, कासग.ंज, उत्तर प्रदेश में फेंक दिया करता था। उसे दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा में ०७ अलग-अलग मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उसपर कई राज्यों में किडनी रैकेट चलाने का भी आरोप है। पकड़े जाने के वक्त उससे पता चला था कि उसने डाक्टर अमित व अन्य डॉक्टरों और बिचौलियों की मदद से १९९४ से २००४ के बीच १२५ से अधिक किडनी प्रत्यारोपण कराए थे। उसने ५० से ज्यादा लोगों की हत्या करने की बात भी मानी थी।

अब पकड़े जाने के वक्त वह दौसा, राजस्थान स्थित एक आश्रम में पुजारी को भेष बनाकर पुलिस से बच रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने उसको पकडने के लिये जयपुर, दिल्ली, अलीगढ़, आगरा और प्रयागराज सहित सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। एक पुख्ता जानकारी के बाद उसको राजस्थान स्थित आश्रम से गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसके पिता बिहार के सीवान में एक दवा कंपनी में काम करते थे। १९८४ में, शर्मा ने बिहार से बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की डिग्री के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

उन्होंने राजस्थान के बांदीकुई में जनता क्लिनिक के नाम से क्लिनिक खोला। १९९४ में, गैस डीलरशिप घोटाले में ११ लाख रुपये की ठगी के बाद उन्हें आर्थिक रूप से काफी नुकसान हुआ। आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिये १९९५ में, उन्होंने आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गए और कथित तौर पर एक नकली गैस एजेंसी खोली। वह डॉ. अमित के संपर्क में आए थे। १९९८ से २००४ के बीच, उसने १२५ से ज्यादा अवैध किडनी ट्रांसप्लांट करवाए, जिससे उसे हर प्रक्रिया के लिए ५ लाख से ७ लाख रुपये तक की कमाई हुई। डॉ. अमित के लिए डोनर की व्यवस्था की।

२००४ में, उसे अवैध किडनी रैकेट के सिलसिले में गुडगांव में गिरफ्तार किया गया था। इसी दौरान, वह और उसका गिरोह टैक्सी ड्राइवरों के अपहरण और सिलसिलेवार हत्याओं में भी शामिल था। उनके वाहन उत्तर प्रदेश के ग्रे मार्केट में बेचे जाते थे, जिससे उसे प्रति वाहन २० से २५ हजार रुपये की कमाई होती थी। उस पर २१ टैक्सी ड्राइवरों की हत्या का आरोप था। एक टैक्सी ड्राइवर की हत्या के लिए गुडगांव की एक अदालत ने उसे मौत की सजा भी सुनाई थी।

## बलात्कार करके पीड़िता को धमकाने वाला भगोड़ा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बलात्कार पीडिघ्ता को धमकाने के मामले में वांछित आरा.ेपी विनीत कुमार को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। २०२० में द्वारका साउथ इलाके में विकास कुमार ने एक महिला के साथ बलात्कार किया था। बाद में पीडिघ्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी विकास कुमार मित्तल ने उसके साथ दुष्कर्म किया है और उसके साथी उसे मामला वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। बाद में मोहित गोयल, सुमित यादव और विनीत कुमार को गिरफ्तार किया। जमानत मिलने के बाद वह वापिस जेल नहीं गया। उसको भगौड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को रिद्धि सिद्धि अपार्टमेंट, गुरुग्राम के पास से गिरफ्तार किया।

# निवेश में मुनाफा कमाने का झांसा देने वाला महाराष्ट्र से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शेयर में मुनाफा कमाने का झांसा देकर निवेशकों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक जालसाज जितेन्द्र शर्मा को बाहरी उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने वनगांव, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चार फोन, लैपटॉप, दो डेबिट कार्ड, ८० हजार रुपये आदि सामान जब्त किया है। आरा.ेपी आदित्य बिड़ला ग्रुप इन्वेस्टमेंट ग्रुप की आड़ में कई लोगों से जालसाजी कर चुका है। आरोपी ने बैंक खातों में रुपये जमा करवाने के लिये खातों को कमीशन पर ले रखा था। पुलिस आरोपी के गैंग के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुछ समय पहले शिकायतकर्ता विनय सिंघल नामक व्यक्ति को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से आदित्य बिड़ला ग्रुप इन्वेस्टमेंट ग्रुप नामक एक धोखाधड़ी वाले निवेश समूह में शामिल होने के लिए लालच दिया था। उन्हें आधिकारिक आदित्य बिड़ला कैपिटल इंटरफेस की नकल करने वाला एक नकली ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए राजी किया गया था। निवेश योजना को असली मानते हुए, उन्होंने नकली ऐप द्वारा दिखाए गए उच्च रिटर्न पर भरोसा करते हुए विभिन्न बैंक खातों में लाखों रुपये जमा करवा दिये थे। जब असलियत पता चली

और अपने रुपये वापिस मांगे। उसको नहीं मिले। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में एसएचओ गोविंद सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से बैंक खातों और सोशल मीडिया की जानकारी ली। वनगांव, जिला-पालघर, महाराष्ट्र में छापेमारी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसने नकली मोबाइल ट्रेडिंग ऐप बनाए जो बिल्कुल असली चीज की तरह दिखते थे। लोगों को लुभाने के लिए भारी रिटर्न का वादा करता था। एक बार जब पीडिघ्त पैसे ट्रांसफर कर देते थे, तो वह जल्दी से इसे शेल-कंपनी और व्यक्तिगत खातों में ट्रांसफर कर देते थे। अपना सुराग छिपाने के लिए, उन्होंने व्यक्तियों से निष्क्रिय बैंक खाते खरीदे और उनका इस्तेमाल धोखाधड़ी वाले ट्रांसफर के लिए किया, फिर किसी के पता लगाने से पहले पैसे निकाल लिए।

# अब 'आप' के छात्र संगठन का नाम एसैप, केजरीवाल ने किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के छात्र संगठन को एक नए नाम व कलेवर के साथ री-लॉन्च किया। अब इसका नया नाम एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) होगा। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एएसएपी न सिर्फ छात्र राजनीति को एक नई दिशा देगा, बल्कि वैकल्पिक राजनीति का एक सशक्त मंच भी बनेगा। इसके जरिए हम एक ऐसी युवा पीढ़ी तैयार करेंगे जो राजनीति की परिभाषा को बदलेगी और देश के लिए काम करेगी। युवाओं की ऊर्जा अब बदलाव की राजनीति में लगेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ७५ साल से चल रही मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स ही हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ है।

मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में शिक्षा माफिया का राज मिलेगा, जबकि आम आदमी पार्टी की अल्टनेटिव पॉलिटिक्स में सबको समान शिक्षा का हक मिलेगा। इस दौरान पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा, सांसद गुरमीत सिंह, अनमोल गगन, वरिष्ठ नेता अवध ओझा, विधायक जनरैल सिंह समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स का लोगो लॉन्च कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि छात्र विंग एएसएपी को लॉन्च करके बड़ी खुशी हो रही है। वैकल्पिक राजनीति और मुख्यधारा की राजनीति क्या है? आज हमारे देश के सामने बहुत सारी समस्याएं हैं। किसी भी देश के सामने किसी भी वक्त समस्याएं तो होती ही हैं। लेकिन आज हमारे देश के सामने बेसिक समस्याएं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है, शिक्षा नहीं हैं, कोई बीमार हो जाए तो इलाज नहीं हैं। भारत को आजाद हुए ७५ साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी पर्याप्त अस्पताल, दवाइयां नहीं हैं। सड़कें नहीं हैं, बेरोजगारी हैं। आज कोई खुश नहीं हैं।




**आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के छात्र संगठन को 'एसैप' एक नए नाम व कलेवर के साथ री-लॉन्च करते हुए, साथ में हैं आप के वरिष्ठ नेतागण।**

## केजरीवाल के उच्च शिक्षा स्तर स्थापना के दावे को खोखला बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल के अपने शासनकाल में उच्च शिक्षा स्तर स्थापना के दावे उनके अन्य दावों के ही तरह खोखले हैं। सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल के दस साल के शासन के बाद भी ९०% सरकारी स्कूलों में विज्ञान का ना पढ़ाया जाना हो या फिर तीन चौथाई स्कूलों में कॉमर्स का ना पढ़ाया जाना हो यह केजरीवाल सरकार की पोल खोलते हैं। सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल ने स्कूलों में बहुत बड़ी संख्या को ९वीं एवं ११वीं के छात्रों को फेल किया जाता रहा ताकि १०वीं एवं १२वीं का नतीजा सर्वोच्च दिखाया जा सके। भाजपध्यक्ष ने कहा है की केजरीवाल के द्वारा पार्टी में छात्र संगठन बनाने को हास्यास्पद बताते हुए कहा की केजरीवाल सरकार की पहचान शराब वाली सरकार की है और पार्टी में छात्रसंघ का री-लाँच नई बोतल में पुरानी शराब पेश करने जैसा लगता है।

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/4 — नई दिल्ली, दिनांक: 19.05.2025

विषय: 89 अदद पॉइंट्स और क्रॉसिंग टैम्पिंग मशीन (पीसीटी) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 16.07.2025 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं.2025-टीएम-3

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से 89 अदद पॉइंट्स और क्रॉसिंग टैम्पिंग मशीन (पीसीटी) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए http://www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा से संबंधित कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर ही अपलोड किया जाएगा, प्रिंट मीडिया में नही किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

1481/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केंद्रीय गृह सचिव ने एसएसबी अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने नई दिल्ली में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सचिव सीमा प्रबंधन, डॉ राजेन्द्र कुमार और एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद सहित गृह मंत्रालय और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में एसएसबी ने सीमांत गाँवों में देशभक्ति और भारत के साथ जुड़ाव का जज्बा उत्पन्न किया है। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने ६१ वर्ष से अधिक के अपने गौरवशाली इतिहास में सेवा सुरक्षा और बंधुत्व के नारे को चरितार्थ करने के साथ ही राष्ट्र सेवा, देशभक्ति और राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत किया है।

बैठक में एसएसबी के महानिद.ेशक अमृत मोहन प्रसाद ने बल के विभिन्न कार्यो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते वक्त विशेष रूप से भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं पर एसएसबी की प्रभावशाली उपस्थिति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं जम्मू-कश्मीर में बल की सक्रिय भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष २०२० से २०२५ तक १८४ विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से सीमा पार करने पर गिरफ्तार किया।

# नमो भारत के यात्रियों की टेंशन अब खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेन में सफर करने वालों के लिए जरूरी खबर है। बीते शनिवार (१७ तारीख) को आई तेज आंधी-तूफान ने अशोक नगर स्टेशन को भारी नुकसान पहुंचाया था। स्टेशन की छत पर लगी टिन-शेड भी आंधी में उड़ गए थे। इसी नुकसान के चलते दो दिन से अशोक नगर तक ट्रेन का संचालन बंद था। लेकिन अब मंगलवार से अशोक नगर तक नमो भारत का संच.ालन शुरू हो गया है।

तेज आंधी और वर्षा से शनिवार को राजधानी में काफी नुकसान हुआ। न्यू अशोक नगर में चार माह १२ दिन पहले खुले नमो भारत स्टेशन के शेड से अधिकतर टिन उखड़ कर लटक गए, कुछ कागज की तरह उड़कर दूर जा गिरे। इस घटना में लोग बाल-बाल बचे। इसके बाद इस स्टेशन से नमो भारत ट्रेन सेवा अगले आदेश तक बंद कर दी गई है। जिस तरह से टिन उखड़े हैं, इसे लेकर लोग नमो भारत स्टेशन बनाने वाली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और उसके लिए निर्माण करने वाली कंपनी पर सवाल उठा रहे हैं। आरोप लगा रहे हैं कि टिन ठीक से कसे नहीं गए, इस कारण इतना कुछ हुआ। स्थानीय लोगों ने यहां तक आरोप लगाया कि पिछले दिनों भी आंधी में इसके कुछ टिन उखड़ गए थे। एनसीआरटीसी की ओर से इस मामले में जांच की जा रही है।

# दिल्ली सरकार ने विधायकों का एलएडी फंड घटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को १५ करोड़ रुपये से घटाकर ५ करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले साल अक्तूबर में तत्कालीन आप सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले निधि को १० करोड़ रुपये से बढ़ाकर १५ करोड़ रुपये कर दिया था। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी एक हालिया आदेश के अनुसारअनुसार विधायक एलएडी फंड को प्रति विधानसभा क्षेत्र प्रति वर्ष ५ करोड़ रुपये रखा गया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/पी-वे/एनडीएलएस के खंड में 2025-26 के ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,29,71,931.87 (रुपये एक करोड़ उनतीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ इकतीस और सतासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹2,14,900/- (रूपये दो लाख चौदह हजार नौ सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹ 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.06.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-210-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/07-2025-26/W-3 दिनांक: 19.05.2025

1471/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/ नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/ नई दिल्ली स्टेशन के अनुभाग में सर्विस बिल्डिंग, स्टेशन भवन नई दिल्ली और अन्य संरचना यानी एमएसआरआर, टीटीआरएच, सीपीडी सिक लाइन शेड, लोको शेड आदि की मरम्मत के लिए 30.06.2026 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 98,99,180.34 (रुपये अट्ठानबे लाख निन्यानवे हजार एक सौ अस्सी और चौंतीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 1,98,000/- (रुपये एक लाख अट्ठानबे हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 13.06.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/05-2025-26/W-3 दिनांक : 19.05.2025

1472/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ठक-ठक गैंग के बदमाशों को दबा.

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली। शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने कुख्यात 'ठक-ठक गैंग के सक्रिय सदस्यों की जोड़ी को पकड़ा है जिसमें एक सीसीएल भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पांच मामलों को सुलझा लिया है।


दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश यादव के नेतृत्व में एसआई दीपक महला, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, लेखराज, कांस्टेबल कानाराम और ईश्वर सिंह की एएटीएस की टीम को विशेष रूप से अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने का काम सौंपा गया था। इसी बीच १६ मई को, एक महिला शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट की कि जब वह अपने ड्राइवर के साथ एक वाहन में यात्रा कर रही थी, तो एक व्यक्ति ने संकेत दिया कि कार का पिछला टायर पंचर हो गया है। जैसे ही ड्राइवर जांच करने के लिए बाहर निकला, आरोपी ने पीछे की सीट से उसका हैंडबैग छीन लिया और हेलमेट पहने हुए एक दोपहिया वाहन पर मौके से भाग गया। इस संबंध में, बाराखंभा रोड थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान टीम ने घटना की रिपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर विश्लेषण किया। दोनों आरोपी व्यक्ति ढके हुए चेहरे में थे और दोनों संदिग्धों और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक की धुंधली तस्वीरें कैद हुई थीं।

टीम ने तकनीकी स्रोतों के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण इनपुट एकत्र किए। इसी बीच १८ मई को हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार को बीआरटी रोड, पुष्पा भवन के पास एक स्कूटी पर दो संदिग्धों की आवाजाही के बारे में एक विशिष्ट इनपुट मिला। इसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकर दोनों आरोपी हिमांशु (२०) और सीसीएल को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लक्ष्य की तलाश में वाणिज्यिक और समृद्ध इलाकों में घूमते थे। उनकी मुख्य विधि में भ्रामक तकनीकों के माध्यम से ड्राइवरों या वाहन में बैठे लोगों का ध्यान भटका देते थे। वे विशेष रूप से हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों, जैसे कि व्यवसायी और सुनार, को निशाना बनाते थे, जो आमतौर पर लग्जरी कारों में यात्रा करते थे। उन्होंने चोरी करने के लिए खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ना भी स्वीकार किया।

## मानहानि मुकदमा खारिज करने के निर्णय को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि के आरोपों से जुड़ी शिकायत को ट्रायल कोर्ट द्वारा खारिज करने के निर्णय को भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अदालत ने कहा कि मामले पर विचार की आवश्यकता है। अदालत ने शशि थरूर को नोटिस जारी करते हुए मामले को १६ सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। साथ ही अदालत ने ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में पेश करने का भी आदेश दिया। राजीव चंद्रशेखर ने ट्रायल कोर्ट के चार फरवरी के आद.ेश को चुनौती दी है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सराय काले खां स्टेशन पर एक जगह मिलेगी बस-ट्रेन, मेट्रो व नमो भारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेन, दिल्ली मेट्रो, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और भारतीय रेलवे की सुविधा एक जगह देने के लिए विकसित हो रहा सराय काले खां स्टेशन का काम अब तेजी से होगा। इस स्टेशन को विकसित करने के लिए बाधा बन रही जमीन की समस्या को सुलझा लिया गया है।

अभी तक यह जमीन दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के पास थी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए जमीन के हिस्से को एनसीआरटीसी को सौंपने की मंजूरी दे दी है। इस जमीन का हिस्सा करीब 2.5 एकड़ का है। इस हिस्से को स्टेशन के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। जमीन के अभाव में स्टेशन का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) सराय काले खां के पुनर्विकास की बाधा दूर हो गई है। जमीन मिलने के बाद टर्मिनल को आरआरटीएस नेटवर्क के साथ एकीकरण किया जा सकेगा।

एलजी ने सराय काले खां में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) भूमि पार्सल के आवंटन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को एनओसी दे दी है। यह एनओसी परियोजना के लिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड से २.५ एकड़ (१०,४३० वर्ग मीटर) के भूमि पार्सल से संबंधित है।

स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दिल्ली के साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों में जाने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। यह स्टेशन अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। मौजूदा समय में यात्रियों को अगल-अलग सुविधाओं के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। जबकि स्टेशन के विकास के बाद एक ही जगह से सभी सुविधाएं मिल जाएगी।

Truhome FINANCE

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

मुख्य कार्यालय: लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
फोन: 1800 102 4345 ; वेबसाईट: website: www.truhomefinance.in
पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018

**परिशिष्ट-IV-A** (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी/ऋणी/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मैसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित हैं, तथा जिनका भौतिक कब्जा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर 09-जून-2025 को प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में बेचा जाएगा, ताकि ऋणी/गारंटर से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली की जा सके, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। ऋणी/गारंटर का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि तथा निरीक्षण की तिथि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तारीख | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | नीलामी की दिनांक और समय | संपर्क व्यक्ति का विवरण - (एओ और निपटान टीम) |
|---|---|---|---|---|
| श्री आज़ाद पुत्र श्री दीनू ग्राम-अहमद शाहपुर पडरा, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील- लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102. श्री शोकिन पुत्र श्री दीनू, गांव-अहमद शाहपुर पडरा, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील- लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102. श्रीमती शहजादी पत्नी श्री आजाद मकान नंबर 118, गांव-अहमद शाहपुर पडरा, अग्रवाल मंडी, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील- लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102<br>दिनांक और कब्जे का प्रकार: 16-अप्रैल-2025 और भौतिक कब्जा<br>भार ज्ञात - ज्ञात नहीं | रु. 32,81,284/- (रु. बत्तीस लाख इक्यासी हज़ार दो सौ चौरासी मात्र) दिनांक 9-दिसम्बर-2024 तक संदर्भ में ऋण खाता संख्या SHLHGPRK0001805 उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज सहित।<br>डिमांड नोटिस की तिथि 16-दिसंबर-2024 | रू. 21,50,000/- (रू. इक्कीस लाख पचास हज़ार मात्र) बोली वृद्धि: रू. 10,000/- (रू. दस हज़ार मात्र)<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)<br>रू. 2,15,000/- (रू. दो लाख पंद्रह हज़ार मात्र)<br>ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 06 जून, 2025 समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 09 जून 2025<br>समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | श्री संजीव शर्मा 011-40725822<br>कस्टमर केयर नंबर :- 022-40081572<br>सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 02 -जून - 2025 समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे |

**सम्पत्ति का विवरण**

वह सभी हिस्सा और पार्सल पर संपत्ति नंबर. मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, क्षेत्रफल- 83.61 वर्ग मीटर, गांव-पावी सादकपुर, तहसील- लोनी, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश. उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- 10 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम:- 20 फीट चौड़ा रास्ता उत्तर:- प्लॉट नंबर 25ए, दक्षिण:- प्लॉट नंबर 24

1) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता नंबर. चालू खाता नंबर. 911020045677633 आईएफएससी कोड: UTIB0000230

स्थान:- गाजियाबाद
दिनांक:- 21.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

## मानसिक तनाव और जमीन बटवारें को लेकर जहरीला पदार्थ पीने की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रटौल।** फुलैरा गांव मे एक रिटायर्ड जल बोर्ड कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से आपसी जमीन बंटवारे को लेकर तनाव मे चल रहे थे। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फुलैरा निवासी 65 वर्षीय रिटायर्ड जल बोर्ड कर्मी बलराम सिंह पुत्र जयपाल खेत और घर की जमीन के बटवारें को लेकर मान. सिक तनाव मे चल रहा था जिसके चलते सोमवार दोपहर को अचानक उसकी तबियत खराब हो गयी। परि. जनों ने देखा तो पहले चिरौड़ी के एक नर्सिंग होम मे उन्हें भर्ती कराया। उसके बाद वहा से भीपुरा



मृतक का फाइल फोटो

गाजियाबाद मे एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात उन्होंने दम दौड़ दिया जिससे परिजनों मे



हा-हा कार मच गया। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। परिजनों ने जब उनके बिस्तर को देखा तो वहा उन्हें उनके हाथ का लिखा पत्र मिला जिसमे जमीन बटवारें के बारे मे लिखा था। इसके अलावा वही एक कीटनाशक दवाई की शीशी भी मिली है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा की उन्होंने मानसिक तनाव के चलते कीटनाशक दवाई पी हो। मृतक के बेटे लखन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद मृतक के घर सात्वंना देने वालो का ताता लगा है।

## डीजे संचालक की धारदार हथियार से वार कर की हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** टयोढ़ी गांव के जंगल में डीजे संचालक विकास उर्फ छोटू 30वर्षीय की धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई। उसका शव सोमवार शाम जंगल में रजबहे की पटरी पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक डेढ़ साल पहले गांव के युवक की हत्या के मुकदमे में जेल से जमानत पर बाहर आया था।

टयोढ़ी गांव निवासी प्रेमो ने बताया कि उसका बेटा विकास उर्फ छोटू डीजे संच. लक है। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे विकास किसी काम से घर से बाहर गया था, इसके बाद घर वापस नहीं आया। सोमवार शाम को गांव के लोगों ने विकास का शव जंगल में रजबहे की पटरी पर पड़ा होने की जानकारी दी। इसका पता



मृतक का फाइल फोटो

चलने पर परिवार वाले वहां पहुंचे। विकास की गर्दन और कमर पर धारदार हथियार से वार करके हत्या की गई है। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस की फोरेंसिक और डॉग स्कवॉयड टीम ने भी जांच पड़ताल की। बताया गया कि मृतक विकास उर्फ छोटू वर्ष 2018 में हुई गांव के ही अंकित शर्मा की हत्या के मुकदमे में जेल भेजा गया था। वह डेढ़ साल पहले ही जमानत पर बाहर आया था, जबकि उसका साथी अभी जेल में बंद है। मृतक विकास अविवाहित और चार भाइयों में सबसे छोटा था।

## कौशल रथ अब गांव-गांव पहुंचकर बेटियों और बहनों के सपनों को देगा नई उड़ान

शाह टाइम्स संवाददाता

**छपरौली।** कान्हेजों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सार्थक उपयोग करते हुए, स्किल इंडिया सेंटर, छपरौली के कौशल रथ अब गांव-गांव जाकर बेटियों और बहनों को निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर क्लास प्रदान करेंगे।

यह अनूठी पहल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की दिशा में एक सशक्त कदम है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बेटियों को कंप्यूटर, संवाद कौशल, डिजिटल साक्षरता एवं अन्य बुनियादी कौशलों में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें और अपने परिवार व गांव के लिए प्रेरणा बनें। यह मुहिम माननीय चौधरी जयंत के हर गांव, हर बेटी शिक्षित हर महिला आत्मनिर्भर संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।





## भीषण गर्मी के चलते सड़कों व गलियों में पसरा सन्नाटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** मई के महीने में गर्मी अपने चरम पर है। दिन प्रतिदिन बढ़ती इस प्रचण्ड गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस भीषण गर्मी के कारण दोपहर के वक्त सड़कें सूनी सूनी नजर आती है। व्यापारियों का कहना है कि गर्मी का असर उनके काम कारोबार पर भी पड़ रहा है। तेज गर्मी के कारण दुकानदारी सुबह शाम की ही रह गई है। दोपहर के वक्त इक्का दुक्का ग्राहक ही नजर आता है। हर कोई गर्मी से बचने जुगत में है।

बताया जाता है कि मई के महीने में गर्मी और अधिक बढ़ जाती है जिसमें शहर की गणमान्य लोगों समाजसेवियों ने ठंडे पानी की स्टॉल लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। भीषण गर्मी तथा दोपहर में चलने वाली लू से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। गर्मी के कारण दोपहर के वक्त अक्सर लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। गर्मी से इंसान ही नहीं बल्कि पशु पक्षी भी परेशान है। वह भी धूप से बचने के लिए छाया की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। इस ताबडतोड गर्मी के कारण बाजारों में सन्नाटा है तो गली मोहल्ले में भी सुनसान है। अक्सर दोपहर के वक्त हर कोई आराम करना चाहता है ताकि घर से बाहर धूप में ना निकाल कर अपने घरों में ही दोपहर का समय बिताया जाये ताकि लू से और बीमारी से बचा जा सके। भीषण गर्मी को देखते हुए अपने वाहनों पर चलने वाले मुसाफिर की कपड़े का इस्तेमाल अपने सर पर चेहरे को लपेटकर चलने का काम कर रहे हैं। बाजार में सामान खरीदने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग 10 बजे के बाद शहर में दिखाई नहीं देते शहर की दुकान सुनसान हो जाती है। बसों में सफर करने वाले मुसाफिर भी बसों में हम यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अधिकतर बस भी सुनसान दिखाई देती है।



## अभियान के चलते संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद बागपत में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध अभियान चला रहा है जिसमें संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्यवाही की गई और उनके नमूने भी संकलित किए गए जिसमे बड़ौत नगरपालिका स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री पर छापा मारा गया। निरीक्षण के दौरान केसर बादाम मिल्क एवं केसर कुल्फी का निर्माण कार्य होते हुए पाया गया जिसमे केसर के स्थान पर रंग का प्रयोग होते पाया गया जोकि खाद्य विनिर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन है। मिलावट के संदेह में केसर बादाम मिल्क एवं केसर कुल्फी के 2 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए गए। साथ ही अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर स्थिति में केसर बादाम शेक का भंडारण पाये जाने पर लगभग 100 लीटर केसर बादाम मिल्क नष्ट कराया गया। ग्राम खिदौड़ा स्थित आइस कैंडी फैक्ट्री से एक नमूना आइस कैंडी का संग्रहि. हत कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। ग्राम पिछोकरा स्थित आइस कैंडी फैक्ट्री से एक नमूना आइस कैंडी का संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य-।।, राजेश कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, यज्ञ दत्त आर्य एवं अंकिता श्रीवास्तव खाद्य सुरक्षा अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।



## श्रमिक एसोशिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा पिछले बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने वाले दुकानदारों के खिलाफ चलान काटने की कार्रवाई को उचित ठहराया।

बड़ौत व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष सदस्यों द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी पर पक्षपात पूर्ण तरीके से चालान काटने तथा रिश्वत लेने के लगाएं आरोप का खंडन किया। तथा व्यापारी नेताओं के द्वारा उकसा कर बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन दुकान खोलने के लिए दुकानदारों पर दबाव बनाने की जांच कर कार्य वाही की मांग की। साथी दिन दुकान खोलने का वाणिज्यिक कर विभाग लखनऊ से आन लाइन लाईसेंस धारकों के लाईसेंस जांच करने की मांग की तथा सातो दिन दुकान खोलने के मानक नियम पर खरे नहीं उतरने पर उनके लाईसेंस निरस्त कर बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के आदेश को उन पर भी प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी से मांग की कि वह शाम की बजाय दस बजे सुबह मार्केट खुलते ही बुधवार को स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण करें। इस दौरान अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा, कानूनी सलाहकार जितेन्द्र तोमर महासचिव व सभासद विक्रांत तोमर अली खान अनिल शर्मा साथ रहे।



## रविदास महासभा के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लेटिनम समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** नगर के बड़ौली रोड स्थित रविदास छात्रावास में रविदास महासभा द्वारा प्लेटिनम समारोह आयोजित किया गया जिसमें रविद. स महासभा के 75 वर्ष पूरे होने पर समारोह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी संतो को नमन किया। उन्होंने रविदास महासभा के 75 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समता मूलक समाज के समर्थक संतों में संत शिरोमणि सतगुरु रविदास का बड़ा योगदान रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने चत्र पर माल्यार्पण किया। संत शिरोमणि सतगुरु रविदास के छात्रावास के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। रविदास महासभा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रविदास महासभा के सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर संतो के बताएं मार्ग पर चलने का काम करें। सांसद ने कहा कि संत शिरोमणि सतगुरु रविदास ने कहा था बेगमपुरा को लाने के लिए तथा उनकी एक साथ साथी को जैसे ऐसा चाहूं राज मै जहां मिले सभी को अन्न उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए संतो को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संत संत शिरोमणि रविदास ने संतों की रक्षा करने का भी एवं उनको अन्न देने का काम किया था। ऐसे थे हमारे शिरोमणि सतगुरु रविदास कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रति. निधि अश्विनी तोमर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नीरज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डा.पंकज कुमार वरिष्ठ समाजसेवी डा.सत्येंद्र कुमार अर्जुन देव भारतीय अध्यक्ष सचिवालय संघ लखनऊ से दो बृजपाल सिंह बगरोली विश्व प्रसिद्ध अदरक लकवा रोग विशेषज्ञ डा. राजवीर सिंह महिपाल सिंह शामली मन चंगा कठौती में गंगा की गुरु सभा अध्यक्ष परविंदर सिंह धारियां ने भी कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने रविदास महासभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर रविदास महासभा का हर्ष जताया कार्यक्रम का संचालन डा.सुरेश चंद एवं वरिष्ठ समाजसेवी ड.सत्येंद्र कुमार ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नंदलाल सिंह नेकी कार्यक्रम में डा.संदीप कुमार राजवीर सिंह मांगेराम लुहारी प्रबंधक छात्रावास, संजीव कुमार, सतपाल सिंह कोषाध्यक्ष डा.मुरली सिंह के अलावा आदि मौजूद रहे।



## 21 मई से 10 जून तक सरकारी विद्यालयों में समर कैंप आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** 21 मई से 10 जून तक सरकार के दिशा निर्देश अनुसार समर कैंप सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किए जाएंगे जिसमें बच्चे समर कैंप के माध्यम से अपनी मौज मस्ती में झूमते नजर आएंगे। सरकारी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों पर भी सरकार की नजर रहेगी। इस समय गर्मी जमीन से लेकर आसमान को छू रही है। गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते हुए स्कूल की छुट्टियां भी हर वर्ष की तरह 21 मई से शुरू होगी। छात्र-छात्राएं अभिभावकों के साथ गर्मियों की छुट्टी मनाने के लिए टूर पर निकल जाएंगे। क्योंकि साल में टूर पर घूमने रिश्तेदारियों में घूमने के लिए बच्चों का मन बन बन जाता है। छात्र-छात्राओं के भी माता-पीताओं को भी बच्चों के साथ-साथ टूर पर घूमने की इच्छा प्रकट हो जाती है क्योंकि माता-पीताओं को भी रिश्तेदारियों में घूमने का भी ध्यान आकर्षित हो जाता है।





## एक नजर

### कार की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ। पाठशाला रोड पर शादी समारोह से लौट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में खेकड़ा कस्बा निवासी मोहित की मौके पर मौत हो गई। उसका साथी लक्की गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लिया। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घायल लक्की को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि कार चालक ने जानबूझकर युवकों को टक्कर मारी। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

### सेना के कर्नल ने जवानों के साथ तोड़ा विवादित घर, पोती के साथ रोती रही महिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** वाजिदपुर गांव में एक परिवारिक मकान विवाद ने नया रूप ले लिया है। धीर सिंह की पत्नी सुशील का आरोप है कि उनके भतीजे, जो सेना में कर्नल हैं, ने अन्य सैन्य जवानों के साथ मिलकर उनका मकान क्षतिग्रस्त कर दिया।

वाजिदपुर के ऋषिपाल के पुत्र कर्नल तरुण ने सात सैन्य जवानों के साथ मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। यह कार्रवाई न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के दौरान की गई। घटना के समय एक महिला अपनी पोती के साथ रोती हुई दिखाई दी। धीर सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि जब सैन्य जवान मकान को नुकसान पहुंचा रहे थे, मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी केवल देखते रहे। बड़ौत सीओ विजय कुमार ने कहा कि उन्हें घटना की सूचना मिल गई है। पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया था। न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद शिकायत की जांच की जाएगी।

### तालाब की खुदाई के दौरान लापरवाही बरती जाने के विरोध में ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** बावली गांव में तालाब की खुदाई के दौरान लापरवाही बरती जाने के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार तालाब की खुदाई से निकले मलबे को सड़कों पर डाल रहा है।

बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बावली गांव में चल रहे तालाब खुदाई कार्य से स्थानीय लोग परेशान हैं। सड़कों पर फैली गंदगी से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी डर सता रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। इसलिए, ग्रामीणों ने एक बार फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। उनकी मांग है कि तालाब की खुदाई नियमों के अनुसार की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

### सांड़ की टक्कर से मंदिर के सेवादार और घोड़ी की मौत

**खेकड़ा।** सांड़ की टक्कर लगने से मंदिर के सेवादार राकेश 51 वर्षीय निवासी नालापार बस्ती की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। इसके अलावा मोहल्ला औरंगाबाद में सांड़ की टक्कर से घोड़ी की भी मौत हो गई।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विशेष त्यागी व पुत्रवधु सोनिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें। राजिन्द्र पुत्र रामफल त्यागी निवासी ग्राम सुभानपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आर्यन उर्फ गोलू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हरिओम पुत्र गिरिलाल निवासी ग्राम बली थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अब्दुल माजिद व पुत्रवधु समीना, गुलिस्ता व इनके बच्चे हुसैन अहमद, मौ.उस्मान, जैनब, रजिया सुलताना, सबनूर, गुलफसा व तानिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब्दुल रहमान पुत्र मुंशी निवासी ग्राम शबगा थाना छपरौली जनपद बागपत।

**समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब** (ऑर्डर-5 कायदा 1 व 5) विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुजफ्फरनगर वाद सं-176 सन-2025 **श्रीमति पिंकी पत्नी परवेन्द्र उर्फ बंटी पुत्र नरेन्द्र सिंह** निवासी ग्राम कैलाशनगर, तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।
.....वादिया

**बनाम**

**परवेन्द्र उर्फ बंटी पुत्र श्री जयप्रकाश** निवासी मौहल्ला की पट्टी, ग्राम बावली, थाना-बड़ौत, जिला बागपत। ..... **प्रतिवादी**

वाद अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधि.

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादिया ने आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम का योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र / जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिये उपस्थित होने के लिये दिनांक- **22.05.2025** को दिन में 10 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियत करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उक्त संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक- 20 माह 5 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से- मुनसरीम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुजफ्फरनगर**

## क्रोध एक भयंकर शत्रु है यह बहुत विनाशक होता है

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा जून माह में बड़ौत नगर में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर स्थल चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में पहुंचकर सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बच्चों को शिविर में आने का आहवान करते हुए कहा कि क्रोध एक भयंकर शत्रु है यह बहुत विनाशक है। इससे और इसके परिवार वालों से जरा बचकर रहें। जब कोई व्यक्ति आप पर झूठा आरोप लगाए, आपके आद. श निर्देश का पालन न करें, अपनी मनमानी करें। आपकी इच्छा के विरुद्ध काम करें, आपकी किसी प्रकार की हानि करें। अथवा अन्य किसी प्रकार से असभ्यता करें, तब जो आपके मन में उससे बदला लेने की। उसका विनाश करने की इच्छा उत्पन्न होती है, ऐसी इच्छा को क्रोध कहते हैं।

क्रोध की स्थिति में बुद्धि ठीक काम नहीं करती है। क्रोध में व्यक्ति दूसरों पर अन्याय करता है। अपराधी को मात्रा से अधिक दंड देता है। जब क्रोध आता है तो उसके साथ साथ, उसके परिवार के अन्य सदस्य भी चले आते हैं। हठ, छल, कपट, धोखा, निंदा, चुगली, अभिमान इत्यादि। यह सब क्रोध के परिवार के सदस्य हैं। इन सब से बचकर रहें अन्यथा यह आप का विनाश कर देंगे। क्रोध करना अनुचित है। इसलिए क्रोध से बचें। स्वयं सुखी रहे तथा दूसरों को भी सुख देवें। उत्तम रीति से जीवन जीने का यही तरीका है। इस अवसर पर चेयरमैन डा.मनीष तोमर, डा.गीतांजलि तोमर, डा.शस्या तोमर, डा.अन्नु चौधरी, डा.आशीष कुमार, प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह, रामपाल तोमर, कपिल आर्य, धर्म पाल त्यागी आदि का सहयोग रहा।



## विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के निरपुड़ा गांव में विकास राणा के आवास पर मधुमक्खी विश्व दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उद्यान विभाग एवं अर्पित ग्रामोद्योग विकास संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बागपत जनपद के जिला उद्यान अधिकारी पहुंचे जिनका गर्म जोशी के साथ फूल मलाए पहनाकर स्वागत किया गया। दिनेश कुमार अरुण जिला उद्यान अधिक. री बागपत ने किसानों व ग्रामीणों को संबो. धित करते हुए। कहा कि आज मधुमक्खी विश्व दिवस मनाया जा रहा है। हमारे देश में मधुमक्खी का पदार्पण आज के दिन ही हुआ था। मधुमक्खी भी किसानों के लिए फायदेमंद है। जो फसल की उत्पादकता बढ़ाने में किसानों ने की सहयोगी है जिन खेतों के आसपास मधुमक्खी पालन होता है। या मधुमक्खी के छत्ते होते हैं वहां पर फूलों वाली खेती में जैसे सरसों, सूरजमुखी आदि के साथ-साथ बागवानी के लिए भी मधुमक्खी उत्पादकता बढ़ाने का काम करती है। वही सभी के लिए शहद का उत्पादन भी करती है। आज हमारे जनपद बागपत से ही शहद का व्यापार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे विभाग द्वारा खाद्य पर संस्करण की अनुदा. नित योजनाएं चलाई जा रही है। जिनके अंतर्गत आप यूनिट लगाकर 35प्रतिशत सब्सिडी के साथ लाभ लेते हुए स्वरोजगार कर सकते हैं। वही पानी का बचाव करने के लिए आप अनुदान के रूप में योजना का लाभ उठाते हुए ड्रिप सिस्टम लगवा सकते हैं।



## दो बसों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार रात को सड़क किनारे खड़ी दो बसों में अज्ञात कारण से आग लग गई। इस घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। बताया गया कि बस का परिचालक हो सकता है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोनों बस नोएडा के निजी स्कूल में चलती है। इसी बस के अंदर से मिला एक शव जिसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार रात करीब दो बजे कुछ बसें खड़ी थीं। एक बस के चालक और परिचालक ने बस के अंदर खाना बनाकर खाया और खाना खाने के बाद बस में लगे बैटरा से कनेक्शन जोड़कर पंखा चलाकर परिचालक बस की बोनट पर व चालक बस की छत पर सो गए। इसी बीच देर रात को बस में आग लग गई। जिस बस में आग लगी उस बस के पास खड़ी एक अन्य बस को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

**छत पर सो रहा था चालक**

उन्होंने बताया कि बस का चालक कूदकर भाग गया, लेकिन बस के अंदर बोनट पर सो रहा परिचालक आग में फंस गया। इस घटना में वह जल गया व उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस बीच दो बसें पूरी तरह से जल गई है। अन्य बसो को जलने से बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जहां पर यह घटना हुई वहां पर कई बसें खड़ी होती हैं।

## नोएडा एयरपोर्ट के रिक्रिएशन हब विकसित करने की योजना तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास के इलाके में अब केवल रिहायशी और औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय मनोरंजन और सांस्कृतिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने 2,500 एकड़ में फैले रिक्रिएशनल ग्रीन ज़ोन में अत्याधुनिक रिक्रिएशन हब विकसित करने की योजना तैयार की है। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता को ऊंचा उठाना और पर्यटकों को आकर्षित करना है।

यमुना अथॉरिटी सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्रस्तावित रिक्रिएशनल सुविधाओं को भारत और विदेश की प्रसिद्ध परियोजनाओं से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया है। योजना के अनुसार, यहां एक एविएशन म्यूजियम, सांस्कृतिक केंद्र, जिमखाना क्लब, गोल्फ कोर्स, रिसॉर्ट्स, यमुना हाट और एक विशाल सार्वजनिक उद्यान विकसित किए जाएंगे। इसमें पोलेंड की तर्ज पर एविएशन म्यूजियम, गुरुग्राम के किंगडम ऑफ ड्रीम्स की तरह एक अत्याधु. निक सांस्कृतिक और परफॉर्मिंग आर्ट्स सेंटर बनेगा। दिल्ली हाट की तरह एक ओपन एयर मार्केट जिसमें हस्तशिल्प, खानपान और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच होगा। उन्होंने बताया कि उच्चस्तरीय खेल सुविधाओं से लैस होंगे, जो एलीट वर्ग और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करेंगे।

बंगलुरू के क्यूबन पार्क से प्रेरित बोटेनिकल गार्डन को विकसित किया जाएगा। परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो चुकी है, जिसे आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद, जिन सुविधाओं में टिकट आधारित प्रवेश होगा, उनकी भूमि को निजी क्षेत्र को आवंटित किया जाएगा। बाकी परियोजनाएं पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो चुकी है, जिसे आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद, जिन सुविधाओं में टिकट आधारित प्रवेश होगा, उनकी भूमि को निजी क्षेत्र को आवंटित किया जाएगा। बाकी परियोजनाएं पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत विकसित की जाएंगी।

**छह सेक्टरों को इस रिक्रिएशनल जोन विकसित:**

सीईओ ने बताया कि सेक्टर 16-190 हेक्टेयर, सेक्टर 22एफ-256 हेक्टेयर, सेक्टर 23बी-14.6 हेक्टेयर, सेक्टर 23सी-58.9 हेक्टेयर, सेक्टर 23डी-190 हेक्टेयर और सेक्टर 23एच-210 हेक्टेयर है। हम नई नगरी को सिर्फ रिहायशी और औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहते। हमारा उद्देश्य है कि यहां के नागरिकों को विश्वस्तरीय जीवनशैली मिले। रिक्रिएशनल ग्रीन जोन के माध्यम से हम ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक हब विकसित करेंगे, जो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित करें।

### यीडा ने नौ प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश के लिए किया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण ने देश-विदेश की 9 प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन कंपनियों द्वारा यमुना सिटी में कुल 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस निवेश से 22 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेश करने वाली कंपनियों में फ्यूजी सिल्वर्टेक कंक्रीट, टीआई मेडिकल, मिंडा कॉरपोरेशन, हैवेल्स इंडिया, वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट, एस्कॉर्ट कुबोटा, पाइन वैली वैचर्स और पॉली मेडिक्योर शामिल हैं। सभी कंपनियों ने भूमि आवंटन को अंतिम मंजूरी दे दी है। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, ये कंपनियां निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप स्थापित की जाएंगी। जल्द ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू होने की संभावना है।

### कंपनी से छुट्टी के बाद कर्मचारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में एनटीपीसी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बंसल वायर कंपनी के सामने अज्ञात वाहन ने एक कर्मचारी को टक्कर मार दी। हादसे में मेरठ के मुंडाली निवासी रामभूल (42) की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है । बंसल कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी राम भूल अपनी डड्टी खत्म होने के बाद जैसे ही कंपनी से बाहर निक. ला और रोड पर पहुंचा तभी अचानक से एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें वह घायल हो गया। घायल रामभूल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनटीपीसी दादरी रोड पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

## एक्सप्रेस-वे पर कार ने बुजुर्ग दंपती का मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा के आस पास रहीं होगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सड़क हादसे में बुजुर्ग दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। वही पति की हालत गंभीर है।

अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज किया जा रहा है। परि. जनों की शिकायत पर थाना सेक्टर-142 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पत्नी के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को ओमप्रकाश (65) अपनी पत्नी निर्मला देवी (55) के साथ नोएडा एक्सप्रेस-वे पर पैदल ग्राम शाहदरा की तरफ आ रहे थे। इस दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कर ने उनको टक्कर मार दी। कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा के आस पास रहीं होगी। टक्कर इतनी तेज थी। दोनों काफी दूर तक उछल कर गिरे। इससे दोनों के सिर हाथ पैर में गंभीर चोट लगी। ब्लड ज्यादा बह जाने से पत्नी की मौत हो गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि जिस कार ने टक्कर मारी उसका नंबर डीएल 1 आरटीसी 6918 है। इसे कौन चला रहा था पुलिस उसकी पहचान कर रही है। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने निर्मला देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया कि दंपती शाहदरा गांव के ही है। सड़क हादसे के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## रुपयों के लेनदेन में युवक पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। दाउदपुर गांव के निवासी पवन नागर पर तीन लोगों ने फायरिंग कर दी। हालांकि, गोली पीड़ित को नहीं लगी। घटना मंगलवार सुबह की है। पवन नागर अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान दादुपुर गांव का कर्मवीर दो अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा। कर्मवीर का पवन के एक दोस्त से रुपयों का लेनदेन था। कर्मवीर ने पवन से रुपए मांगे। पवन ने बताया कि रुपए उनके दोस्त पर हैं, उन पर नहीं। इस बात पर कर्मवीर गुस्सा हो गया। उसने पवन के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान कर्मवीर के साथी जीतू ने पवन पर फायरिंग कर दी। पवन ने भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कर्मवीर और दो सगे भाई जीतू और सतेंद्र पर केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं।

## बैटरी चार्ज करने वाली दुकान में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-10 स्थित ई रिक्शा की बैटरी चार्ज करने वाली दुकान में आग लग गई। आग लीथियम बैटरी में शॉट सर्किट से लगी। आग की लपट उठते ही वहां मौजूद लोग दुकान से दूर हट गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल और पुलिस को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बैटरी फटी नहीं। साथ ही आग को दमकल की टीम ने समेट दिया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर-10 के सी-24 में ई रिक्शा की बैटरी चार्ज करने का काम होता है। जिस समय आग लगी कई बैटरी रखी हुई थी। किसी एक बैटरी में शॉट सर्किट हुआ और वायरिंग में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर मौजूद लोग बाहर आ गए। लाइट को काट दिया गया। दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग को समेटा और काबू पा लिया। इस दौरान किसी के फंसने की जानकारी नहीं है। आग फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल जिस दुकान में आग लगी। उसके आसपास कई और दुकान और इंडस्ट्री है।

### स्कूटी से घर लौट रहे दंपत्ति पर हमला

**चन्दौसी।** अपने प्रतिष्ठान से घर लौट रहे दंपति पर नकाबपोश हमलावरों ने अचानक घात लगाकर हमला बोल दिया एवं उनके साथ मारपीट की परंतु आसपास के लोगों के आ जाने पर हमलावर भाग खड़े हुए। दंपत्ति ने हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने हमलावरों को तलाशना शुरु कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार, सरवन एवं उसकी पत्नी ममता वार्ष्णेय का रामबाग रोड पर मकान है, जहां कोई लघु उद्योग या प्रतिष्ठान खोल रखा है। सोमवार को रात्रि लगभग 08 बजे के करीब अपनी पत्नी के साथ सरवन स्कूटी से वापिस आ रहे थे, जैसे स्कूटी रामबाग धाम से आगे निकली, नकाबपोश हमलाव. रों ने हमला बोल दिया।

### एक नजर

### टीएमयू सीसीएसआईटी की कशिश मिस व पार्थ मिस्टर फेयरवेल बने

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी की ओर से बीसीए की फेयरवेल पार्टी पुनर्मिलाम: 2025 में पार्थ भटनागर को मिस्टर फेयरवेल तो कशिश को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स



सौम्या चंद्रवंशी ने मिस ब्यूटीफुल और संभव गुप्ता ने मिस्टर हैंडसम का खिताब अपने नाम किया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के चयन के लिए रैंप वॉक, टैलेंट और प्रश्न-उत्तर राउंड की प्रतियोगिताएं हुई, जिसके निर्णायक मण्डल में श्री विकास देशवाल, डॉ. प्रीति रानी, श्री अजय चक्रवर्ती आदि शामिल रहे। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के एचओडी डॉ. शंभू भारद्वाज, बीसीए प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर्स डॉ. रंजना शर्मा एवम् श्री हरजिंदर सिंह, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम् सरस्वती वंदना के संग ऑडी में फेयरवेल पार्टी पुनर्मिलाम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बीसीए सेकंड ईयर के स्टुडेंट्स-अनमोल, महक, मुस्कान, आयुषी, माधवी और अंकित ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। टीएमयू के ऑडिटोरियम में स्टुडेंट्स ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। अंत में सभी स्टुडेंट्स डीजे पर जमकर थिरके। संचालन बीसीए सेकंड ईयर के स्टुडेंट्स- वैष्णवी, वैभव, ध्रुव और हिताक्षी ने किया।

### टिमिट के बीबीए के विद्यार्थियों का 6.20 लाख के पैकेज पर चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है इसी के चलते एजूकेशन क्षेत्र की प्रतिष्ठित हाइक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने टिमिट के बीबीए फाइनल ईयर (2025 पास आउट बैच) के विद्यार्थियों के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया इस



खुशी धाल | मयंक रस्तोगी

रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीबीए फाइनल ईयर विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के एचआर टीमने कम्पनी व जॉब प्रोफाइल के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों के 3 सिलेक्शन राउंड आयोजित किये।सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से बीबीए के 2 विद्यार्थियों के नाम घोषित किये जिनके नाम क्रमश: खुशी धाल व मयंक रस्तोगी है। जिन्हें बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव की पोस्ट पर 6.20 लाख के वार्षिक पैकेज पर ज्वाइनिंग प्रदान की है। यह टिमिट की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

## तारीख पर आए पति पत्नी के बीच मारपीट

**सिविल लाइंस पुलिस को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई करने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कचहरी परिसर में उस समय हड़कंप मच जब पति-पत्नी तारीख पर आये, और एक-दूसरे पर मारपीट करने लगे, पति के साथ दो अज्ञात व्यक्ति ने भी पत्नी के साथ मारपीट की और अभद्र शब्द का प्रयोग कर मौके से फरार हो गये। महिला ने मामले की शिकायत थाना सिविल लाइंस पुलिस से की है। बताते चले कि आज उमरी कलां कांठ निवासी रूबीना परवीन पुत्री जाकिर हुसैन अपने पति अब्दुल कादिर से परिवार न्यायालय में मुक. दमा चल रहा है जैसे ही तारीख लेकर कोर्ट परिसर से बाहर आयी वैसे उसके पति व दो साथी अभद्र शब्द व मारपीट करने लगे। महिला की चीख-पुकार सुनकर लोग इकटठा हो गऐ। लोगों को इकटठा होता देख तीनों लोग मौके से फरार हो गये। महिला ने थाना सिविल लाइंस पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग। महिला ने शिकायती पत्र में कहा है कि वह न्यायालय परिवार न्यायाधीश की कोर्ट में अपने मुकदमें की तारीख पर आयी थी। वही तारीख पर महिला का पति अब्दुल कादिर व उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी थे। उपरोक्त व्यक्ति न्यायालय के बाहर महिला का इंतजार कर रहे थे जैसे ही महिला तारीख लेकर बाहर आयी उक्त लोगों ने महिला को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। महिला ने गालियों का विरोध किया तब उसके पति व अज्ञात लोगों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की और मौके से जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये।

## टीएमयू पैरामेडिकल की कल्चरल इवेंट एमएलटी ओडेसी में हुनर का जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से आयोजित दो दिनी कल्चरल एंड एजुकेशन इवेंट एमएलटी ओडेसी-2025 में स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। इवेंट की थीम फ्रॉम सेल्स टु सेलिब्रेशन: ऑनरिंग साइंस एंड आर्ट टुगेदर रही। शुभारम्भ मौके पर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, प्रयोगशालाएं चिकित्सा विज्ञान की रीढ़ हैं और आधुनिक विज्ञान की नींव इन्हीं प्रयोगशालाओं पर टिकी है। पीजी स्टुडेंट्स- कामरान, मोहम्मद आसिफ, सुशील, मुकुल और सोनम आदि ने रिसर्च से जुड़े पोस्टर्स प्रस्तुत किए। इससे पूर्व प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि, पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एचओडी डॉ. रूचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने का बुके देकर स्वागत और अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एमएलटी ओडेसी में स्टुडेंट्स ने स्टॉल, खेल, पोस्टर्स प्रजेंटेशन, सांस्कृतिक प्रोग्राम्स के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के तहत थ्रॉ बॉल में कैफ और मुजम्मिल, लूडो में मुजीब, रिहान, आलिम और शहरोज, कॉइन ड्रॉप गेम में सुहैल और अजरुद्दीन, जबकि एक्सओ गेम स्टॉल की मेजबानी डीएमएलटी फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने की।

महाभारत पर आधारित स्किट में स्टुडेंट्स आयुष, मोइनुद्दीन, लवलीश, निष्ठा, दीपिका, भूमिका, कैफ, आदित्य, कृष्णा, विकास, यतेन्द्र, वंशिका, गायत्री, ऋद्धि आदि



ने नैतिक मूल्यों को जीवंतता प्रदान की। दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड और पंजाबी मैसअप गीतों पर पंजाबी-राजस्थानी रीमिक्स डांस, फ्यूजन डांस, पंजाबी-हरियाणवी डांस, रीमिक्स डांस, सोलो डांस का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में बैजनाथ दास, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती वर्षा राजपूत, श्रीमती साक्षी बिष्ट, शिवमोहन, मिस रश्मि तोमर, श्री शिवम अग्रवाल के संग-संग पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स मुकुल, काम. रान, मो. आसिफ, सुशील, वर्तिका, लवलीश आदि ने किया।

### अहिल्याबाई होलकर जयंती पर पब्लिक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**कांठ।** पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कलां में रानी अहिल्याबाई होल. कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सुमित दिवाकर जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, डॉ जितेंद्र कुमार , प्रधानाचार्य रियासत अली, कॉलेज के समस्त अध्यापगण



मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 150 छात्र/ छात्राओं में से 12 छात्र /छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी छात्र /छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान -शीजा उस्मान, द्वितीय स्थान - सफिया नौमान, तृतीय स्थान - दानिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य एवं समस्त अध्यापकगणों का सहयोग रहा।

## हजरत शेख सलाउद्दीन के सालाना उर्स के कुल शरीफ में उमड़े अकीदतमंद

**विधायक फहीम इरफान ने चादरपोशी कर दिया एकता का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें कुल शरीफ में हजरत सैयद ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई।

बीती देर रात दरगाह परिसर में कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें तस्लीम आसिफ कव्वालों ने हजरत शेख सलाउद्दीन की शान में कलाम पेश किये। मंगलवार की सवेरे ही अकीदतमंदों की लंबी कतार लग गई, सभी ने चाद. रपोशी कर विशेष दुआ की, कुल शरीफ 10:38 पर संपन्न हुआ, इससे पहले नातिया कार्यक्रम हुआ जिसमें उलेमा इकराम ने नूरानी खिताब किया और दरगाह पर आने वाले सभी अकीदतमंदों को दुआओं से नवाजा। इस मौके पर कुल शरीफ में शिरकत करने पहुंचे विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि सूफी संतों की दरगाह से अमन का पैगाम मिलता है, यहां पर सभी वर्गों के लोग आते हैं और फैजयाब होते हैं, उन्होंने कहा कि उनके वालिद मरहूम विधायक हाजी मोहम्मद इरफान ने दरगाह के लिए सौंदर्यीकरण का कार्य कराया था, वह भी दरगाह को और सुंदर बनाने का कार्य करेंगे, उन्होंने सभी अकीदतमंदो को एकता का पैगाम दिया। इस दौरान मुख्य रूप से कुल शरीफ कार्यक्रम में सज्जादानशीन खलील अहमद, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जमील अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान रियाज अहमद, मुजीब अहमद, सत्तार हुसैन, सफीक अहमद, मोहम्मद रिजवानुद्दीन आदि सहित हजारों की संख्या में अकीद. तमंद मौजूद रहे।



## किसानों ने बिजली समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र स्थित दलपतपुर बिजलीघर में भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और एसडीओ दलपतपुर को एक ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव फुरकान अहमद ने ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति अनियमित है, जिससे किसानों को सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, ट्रांसफॉर्मर की बार-बार खराबी और फाल्ट की शिकायतों के बावजूद समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है,यूनियन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे, एसडीओ ने किसानों को उनकी मांगों पर शीघ्र समाधान का आश्वा. सन दिया,इस दौरान अकरम पूर्व प्रधान,रहीस अहमद, डब्बू आदि मौजूद रहे।



### पॉपकार्न मेकिंग मशीन की ऑनलाइन की तिथि 25 मई तक बढ़ी

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण हेतु भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरो एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियो को चयन उपरान्त पॉपकार्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर नचाअपइण्हवअण्पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन'' के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 25.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में मंदिर से चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस की देर रात चैकिंग के दौरान मन्दिर में चोरी करने वाले बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बाद मुठभेड़ बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से गांव असौड़ा के प्राचीन मंदिर से चोरी की गई सोने की एक मूर्ति, एक अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोपेड विक्की बरामद की है।

नगर पुलिस क्षेत्रधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गौशाला चौराहे पर चेकिंग की की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया जिसे रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस को देखकर जंगल के रास्ते बाईपास की तरफ भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में मुठभेड़ के बाद बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में बदमाश ने अपना अभय उर्फ लुक्का पुत्र निरंजन निवासी निराश्रय सेवा समिति फ्रीगंज रोड़ थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड बताया। साथ ही बदमाश ने बताया की 18 मई को उसने अपने साथी के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के गांव असौड़ा में स्थित प्राचीन मन्दिर से मूर्ति चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस क्षेत्रधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपदों व थानों से की जा रही है। बदमाश के अन्य साथी की भी पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





# मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया गया है।

थाना सिम्भावली प्रभारी निरीक्षक सुमित तोमर ने हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को राजपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक मादक पदार्थ तस्करों की पहचान आदिल पुत्र इकबाल और मौहम्मद कैफ पुत्र साजम निवासी गली न-3 चांदनी चौक कालोनी दिल्ली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटा ट्रक, आधा दर्जन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर कट के पास सोमवार की देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार महिला-पुरुष समेत आधा दर्जन मज़दूर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और जाँच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार बिहार से तरबूज की फसल काटकर ट्रक में सवार मजदूर वापस लोट रहे थे। जैसे ही वह निज़ामपुर कट के पास पहुचे तभी ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलट गया। इस दौरान ट्रक में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे में महिला-पुरुष समेत करीब एक दर्जन मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और घायलों के परि. जनों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को हाइवे से हटवाकर यातायात को सुचारु करवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हादसे में घायल सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस द्वारा मामले की जाँच की जा रही है।



# फर्जी मार्कशीट के साथ मोनाड यूनिवर्सिटी का एक और कर्मचारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर में स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी में फर्जी मार्कशीट तैयार करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए एसटीएफ पहले ही मोनाड यूनिवर्सिटी में फर्जी मार्कशीट और डिग्री के फर्जीवाड़े में लिप्त चेयरमैन समेत 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

बावजूद इसके एसटीएफ की कार्यावही यूनिवर्सिटी पर लगातार जारी है। सोमवार की देर रात एसटीएफ लखनऊ यूनिट द्वारा मोनाड यूनिवर्सिटी के एक और कर्मचारी राजेश पुत्र मोहन निवासी मुकेश कॉलोनी थाना बल्लभगढ जनपद फरीदाबाद हरियाणा को गांव परतापुर से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से मोनार्ड यूनीवर्सिटी की 1804 फर्जी मार्कशीट व सर्टिफिकेट और फर्जी मार्कशीट व सर्टिफिकेट बनाने में प्रयुक्त कम्प्यूटर, दो प्रिंटर और मोनोग्राम रिबन बरामद किया गया है। सूत्रों के अनुसार एसटीएफ के रडार पर मोनाड यूनिवर्सिटी के वर्तमान मालिकों के साथ ही इनसे पहले के मालिक और कर्मचारी भी हैं। ऐसे में जांच अब पीछे की ओर की जा रही है। एसटीएफ के सूत्रों के अनुसार अब जांच को 2015 से आरंभ किया जाएगा। वहीं मोनाड के कर्मचारियों और मालिकों के साथ ही डिग्रियों की बिक्री के लिए दलाली करने वालों और फर्जी डिग्री लेने वालों को भी आरोपी बनाया जा सकता है। ऐसे में आरो. पियों की संख्या काफी बढ़ सकती है।



# कॉलिज में स्काउट गाइड ने लगाई जल सेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत स्काउट और गाइड्स उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ के द्वारा बुलंदशहर रोड पर ठंडे पानी शरबत की सेवा शुरू की गई। इस सेवा का शुभारंभ भारत स्काउट और गाइड्स उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ की जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी, सहायक प्रादेशिक आयुक्त सुबोध गुप्ता सहायक प्रादे. शिक संगठन आयुक्त मेरठ सहारनपुर मंडल मयंक शर्मा, जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ श्रीकृष्ण द्विवेदी ने किया।

यह जल सेवा स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा की गई। इस दौरान गाइड्स द्वारा यात्रियों को मुफ्त में शरबत वितरित किया गया। जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी ने कहा कि स्काउट एंड गाइड की यह पहल बहुत सराहनीय है। यात्रियों को शुद्ध और ठंडा शरबत उपलब्ध कराने से उनमें सेवा का भाव बढ़ेगा। जिला सचिव कृष्ण द्विवेदी ने बताया कि जनपद संस्था हापुड़ हमेशा जनसाधारण की सुविधा और सेवा के लिए तत्पर है। यह जल सेवा कई वर्षों से चल रही है और मई जून महीने में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रकाश शर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड निता कौशिक, नीति शर्मा, पूजा गुप्ता, वंदना सिंह आदि मौजूद रहे।




# नागरिक सेवाओं का निस्तारण करने में चारों ज़िलों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कला. निधि नैथानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अधिनियम मे अधिसूचित गृह विभाग से सम्बन्धित नागरिक सेवायें सिटीजन पोर्टल के माध्यम से जनसाधारण को प्रदान की जाती हैं। जिसकी समीक्षा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर की जाती है।

मेरठ परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड़ द्वारा पोर्टल से प्राप्त नागरिक सेवाओं चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन इत्यादि का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है जिसके लिये चारो जनपद बधाई के पात्र हैं। नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन आदि के अन्तर्गत जनपद मेरठ में 820, जनपद बुलन्दशहर में 441, जनपद बागपत में 270 व जनपद हापुड़ में 160 कुल 1691 आवेदन सिटीजन पोर्टल से प्राप्त हुए, जिनका चारो जनपदो द्वारा 15 दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि गत माह रेंज के सभी जनपदों की समीक्षा कर नागरिक सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपदीय टीमों ने अच्छा कार्य किया है। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को नागरिक सेवाओं का शासन एवं मुख्यालय की मंशानुसार इसी तरह आगे भी पूर्ण मनोयोग से समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है।



## एक नजर

# डीएम से मिलाकर संयुक्त व्यापार मंडल ने समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल जिला हापुड़ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर व्यापार मंडल ने जिले में उनकी पदस्थापना पर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।

इस दौरान व्यापार मंडल के संजय कुमार डावर ने तहसील चौराहे पर पिछले अनेक वर्षों से हो रहे नियमित जाम की समस्या से उन्हें अवगत कराया। जिससे स्थानीय व्यापार एवं आमजन को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापार मंडल के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल ने तहसील चौपले पर लग रहे जाम को दूर करने के लिए मेरठ रोड से बुलंदशहर रोड तक एक फ्लाई ओवर निर्माण की मांग भी रखी। व्यापार मंडल द्वारा पूर्व में कराए गए सर्वे के आधार पर एक प्रस्तावित नक्शा जिलाधिकारी को प्रस्तुत किया गया। व्यापार मंडल के महामंत्री दीपक बंसल ने भी शहर की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी एक ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने जिलाधिकारी से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने इस महत्वपूर्ण सुझाव को गंभीरता से लेते हुए सरकार को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया और शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गोयल, जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ गर्ग हाइड्रो वाले, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, मोहित बंसल, ललित बंसल आदि व्यापारी उपस्थित थे।



# आगामी 30 मई को दिव्यांगों को मिलेंगे निशुल्क कृत्रिम अंग व उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 30 मई को विकासखंड हापुड़ में कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण निशुल्क वितरित किए जायेंगे।

दिव्यांग जनों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा। आगामी 30 मई को प्रात 9:30 बजे से विकास खण्ड हापुड़ के सभागार में भारत सरकार सामजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, द्वारा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के बेहतर जीवन बनाने के उद्देश्य से मेरठ हापुड़ लोकसभा सांसद अरुण चंद्र प्रकाश गोविल द्वारा नि:शुल्क ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, छड़ी कैलीपर व अन्य आवश्यक उपकरण केम्प लगाकर प्रदान किया जायेंगे।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं व युवतियों को प्रमाणपत्र किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा महिलाओं में कौशल विकास के उद्देश्य से संचालित नारी शक्ति केंद्र में प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

संदेश के परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र सपनावत, इकलेहड़ी, शौलाना, बासतपुर, ऊंचा अमीरपुर व रसूलपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं व युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गये। संदेश संस्था सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संदेश द्वारा नारी शक्ति प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे हैं। यदि समाज व परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है तो महिलाओं को कौशल विकास देकर ही सशक्त बनाया जा सकता हैं। क्योंकि महिलाएं परिवार व समाज की रीढ़ होती है। संदेश संस्था द्वारा महिलाओं व युवतियों को कटाई-सिलाई, ब्यूटीशियन व कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता हैं तथा छः माह के प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाता हैं। संदेश स्कूल की प्रधानाध्यापिका मंजुला बिष्ट ने नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिला व युवती प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में संदेश से गौरा तोमर व नारी शक्ति केंद्र की अनुदेशिका तन्नू राणा, सविता देवी, कमलेश देवी,अंशु शर्मा, वंदना राणा, वर्षा राघव, विपना, बसन्ती, शोभा, शिवानी, मोनिका, अंजू, स्वेता, पूजा, ज्योति व कनिका आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने चाकू से युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना पिलखुवा प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गांव अचपलगढी निवासी मनीष तोमर पर चाकू से जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे आरोपी मनोज तोमर पुत्र भौरी सिंह निवासी ग्राम अचपलगढी थाना पिलखुवा जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्ज़े में घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है।



# एएसपी ने पुलिसकर्मियों को कराया शस्त्रों का अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रिज़र्व पुलिस लाइन में एएसपी ने परेड की सलामी लेकर पुलिस कर्मियों को शस्त्र अभ्यास कराया और ज़रूरी दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को एएसपी विनीत भटनागर रिज़र्व पुलिस लाइन पहुंचे। जहाँ परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने पुलिस कार्मियों से शस्त्र के सम्बन्ध में जानकारी ली और पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की साफ-सफाई, खोलने और जोड़ने का अभ्यास कराया। एएसपी ने इस दौरान पुलिस कर्मियों को ज़रुरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि समय समय पर असलहों की स्फाई होना जरूरी है। जिससे की समय पर शस्त्रों को कार्य में लाया जा सकें। इसके बाद एएसपी ने अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों को चैक कर सम्बंधित को आवश्य दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# सीवाई टीबी इंजेक्शन से टीबी संक्रमण की होगी पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय कोठी गेट हापुड़ में सीवाई टीबी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुनील कुमार त्यागी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा राजेश सिंह ने बताया की जनपद में सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में टीबी संक्रमण की पहचान की जा सकेगी। संक्रमण की पुष्टि के बाद रोगी को टीबी से बचाव हेतु दवाई दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह इंजेक्शन केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध होगा तथा इसका उद्देश्य केवल टीबी संक्रमण की जांच करना है। यह टीवी रोधी टीका नहीं है। यह इंजेक्शन केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को पीएल एचआईवी एवं सीएल एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को यह इंजेक्शन नहीं लगेगा। यह उन व्यक्तियों को प्राथमिकता से लगाया जाएगा जो उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं। जैसे डायलिसिस पर चल रहे मरीज हृदय एवं सांस के रोगी डायबिटीज के रोगी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्ति तथा टीवी मरीजों के साथ या संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. राकेश यादव, डा. सतीश आदि मौजूद रहे।




## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# नागरिक सेवा और जनकल्याण निस्तारण में मेरठ परिक्षेत्र को मिला प्रथम स्थान

## डीआईजी रेंज कलानिधी नैथानी की मेहनत का दिखा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाज में पुलिस की वर्दी की धमक और अपने कर्तव्य को पूरी तरह निभाने का जज्बा हो तो हर काम मुमकिन हो सकता है। मेरठ रेंज के डीआईजी कला निधि नैथानी ने डीआईजी के पद पर कार्यकर जनहित के साथ साथ पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाकर यह दिखा दिया है। डीआईजी के जिस पद को जनता सिर्फ कागजी कार्रवाई के रूप में देखती है दरअसल वह कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि समाज का एक आईना और जनता के बीच पुलिस की वर्दी को भी सुधारने का एक बड़ा माध्यम है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने शानदार प्रयासों से जनकल्याणकारी और पुलिस को मिली अनगिनत शिकायतो को मात्र 15 दिन में निस्तारित करके मेरठ परिक्षेत्र का नाम उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान की तरफ लाकर खड़ा कर



दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि उ.प्र. जनहित गारन्टी अधिनियम में अधिसूचित गृह विभाग से सम्बन्धित नागरिक सेवायें सिटीजन पोर्टल के माध्यम से जनसाधारण को प्रदान की जाती हैं, जिसकी समीक्षा उ.प्र. शासन द्वारा समय-समय पर की जाती है। मेरठ परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड़ द्वारा पोर्टल से प्राप्त नागरिक सेवाओं चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन इत्यादि का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है जिसके लिये चारो जनपद बधाई के पात्र हैं। नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन आदि के अन्तर्गत जनपद मेरठ में 820, जनपद बुलन्दशहर में 441, जनपद बागपत में 270 व जनपद हापुड़ में 160 कुल 1691 आवेदन सिटीजन पोर्टल से प्राप्त हुए, जिनका चारो जनपदो द्वारा 15 दिवस के अन्दर शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। गत माह रेंज के सभी जनपदों की समीक्षा कर नागरिक सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपदीय टीमों ने अच्छा कार्य किया है। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को नागरिक सेवाओं का शासन एवं मुख्यालय की मंशानुसार इसी तरह आगे भी पूर्ण मनोयोग से समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# एक ही ट्रेक पर जल्द दौड़ेंगी नमो भारत

■ मेरठ दिल्ली के आसपास के क्षेत्र को मिलेगी विकास की नई दिशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक अनूठी पहल के तहत देश में पहली बार एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इंटरसिटी यानी दिल्ली से मेरठ को जोड़ने वाली सेमी-हाई-स्पीड 'ट्रेन नमो भारत और मेरठ शहर में चलने वाली मेरठ मेट्रो, जल्द दौड़ती नजर आएंगी। ये भारतीय परिवहन परिदृश्य में नई क्रांति लाने जा रही हैं। अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली और अनुकूलित समय-सारणी से नमो भारत और मेरठ मेट्रो - दिल्ली, मेरठ व आसपास के क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को नया आयाम देंगी, जिससे तीव्र, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा संभव होगी तथा लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे।

नमो भारत की अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा है जो फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक संचालित हो रही है। वहीं, देश की सबसे तेज मेट्रो-मेरठ मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलने में सक्षम है जो मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो तक 13 स्टेशनों के बीच संचालित होगी जिससे न सिर्फ लोगों के यात्रा समय में भारी बचत होगी बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों परिवहन साधनों का संचालन एक महत्वाकांक्षी परियोजना है और भारतीय परिवहन क्षेत्र में बड़े बदलाव का प्रतीक है।

आने वाले समय में देश के अन्य शहरों में भी यह मॉडल देखने को मिलेगा। एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सुचारू संचालन के लिए, नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की अनुकूलित समय-सारणी बनाई जाएगी। नमो भारत ट्रेन फिलहाल हर 15 मिनट में उपलब्ध है, जो सराय काले खां से मोदीपुरम तक के पूरे कॉरिडोर के संचालन के बाद 10 मिनट तक होने की संभावना है। मेरठ मेट्रो की फ्रीक्वेंसी संभवत 7 मिनट की रहेगी। ट्रेन शेडयूल बनाते हुए एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रखा है। मेरठ में ऐसे स्टेशनों पर आइलैंड प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है, जहां मेरठ मेट्रो और नमो भारत का ठहराव होगा। एक तरफ नमो भारत और दूसरी तरफ मेरठ मेट्रो मिलेगी, आप एक से उतरकर सामने वाले प्लेटफार्म से दूसरी ट्रेन पकड़ सकते हैं। एक ही दिशा में जाने के लिए यात्रियों को ज्यादा चलने की असुविधा नहीं होगी।

उदाहरण के लिए, यदि किसी यात्री को मोदीनगर नॉर्थ से मेरठ नॉर्थ मेट्रो स्टेशन जाना है तो उसे बेग. मपुल तक नमो भारत में सफर करना होगा और फिर इसी स्टेशन पर उतरकर अगली मेट्रो में यात्रा करनी होगी। बेगमपुल स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया है, जहां आइलैंड प्लेटफार्म हैं। ऐसे में दोनों ही दिशा में जाने वाली ट्रेन के लिए सीढ़ी या लिफ्ट का इस्तेमाल किए बिना यात्री उसी प्लेटफार्म के दोनों तरफ से अपने गंतव्य की ट्रेन पकड़ सकते हैं। आइलैंड प्लेटफार्म ऐसा होता है जिसके दोनों तरफ ट्रैक होते हैं। टिकट के लिए हालांकि उसे मोदीनगर नॉर्थ से सीधे मेरठ नॉर्थ का ही टिकट लेना होगा, यानी मेट्रो का टिकट अलग से लेने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही एक ही दिशा में चलने वाली नमो भारत और मेट्रो इस तरह प्लेटफार्म पर आएंगी जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर उतरकर दूसरी तरफ जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उसी प्लेटफार्म के एक तरफ नमो भारत और एक तरफ मेरठ मेट्रो आएगी।

## टिकट वेंडिंग मशीन से यात्रियों को मिलेगी सुविधा




टिकटिंग के लिए यात्रियों को स्टेशन पर काउंटर के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन मिलेंगी, जिनसे वे कैश, कार्ड और यूपीआई से टिकट खरीद सकते हैं। इसके अलावा नमो भारत कनेक्ट एप से भी ट्रेन टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस एप पर 'जर्नी प्लानर' का फीचर भी दिया गया है जिससे यात्री अपने गंतव्य की जानकारी ले सकते हैं। इतना ही नहीं, नमो भारत कनेक्ट एप से दिल्ली मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं, जिसके लिए एनसीआरटीसी ने डीएमआरसी के साथ साझेदारी की है। इसी तरह, मेट्रो टिकट बुक करने के लिए डीएमआरसी मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करने वाले यात्री नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं।

# अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा संगठन ने किया सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा संगठन ने पत्रकार बंधुओं एवं थाना प्रभारी बहसूमा इन्दु वर्मा का भगवान परशुराम की प्रतिमा एवं शाल उड़ाकर सम्मान किया। सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पडिंत मनोज शर्मा, जिला संरक्षक शिवदत्त शर्मा, बृजेश पाठक आदि ने सम्बोधित करते हुए ब्राहमण समाज को एक जुटता करने के लिए तथा अपने बच्चों को शिक्षा एवं दहेज प्रथा बंद एवं मृत्यु भोज बंद करने तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए जोर दिया। इस अवसर पर शिवदत्त शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज गरीब निर्धनों की सेवा कर अपने समाज को आगे बढ़ाऐ। यदि ब्राह्मण समाज को अहंकार हो जाएगा तो उसका पतन होने से कोई नहीं रोक सकता। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज ने जो सम्मान पुलिसकर्मी एवं पत्रकारों का किया है वह स्थानीय कार्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय समाज के अच्छे कामो में पीछे नहीं हटती और दिन-रात मेहनत कर समाज सुधार करने पर जोर देती है। स्कूल सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि समाज चाहे कोई भी हो अपने समाज को एकजुट कर आगे बढ़ाने का काम करें। तभी समाज की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और उन्हें देश की सेवा करने के





लिए अधिकारी बनाऐं। सम्मान समारोह में डीपीएम पब्लिक स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी, पडिंत अजय कुमार शर्मा, संजय शर्मा, रविशंकर कौशिक, राजकुमार शर्मा, विनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, शरदे शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, राजू शर्मा, दौराला ब्लाक अध्यक्ष बृजेश पाठक, मीडिया प्रभारी अनील कुमार शर्मा, शिवदास शर्मा, उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, पत्रकार उदयवीर सिंह, राजकुमार चौहान, आशीष चौधरी, अमित गुर्जर, मोबीन सलमानी आदि का भगवान परशुराम की प्रतिमा एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया।



# दीवार के विवाद में दो पक्षों में चली गोली, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में सोमवार को फायरिंग की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया गांव में पहुंची थाना पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

वहीं कपिल ने गांव के ही कमल डब्बू व मुन्द्रेश पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं दूसरे पक्ष के कमल ने भी गांव के ही जानी व प्रतीक के खिलाफ गोली चलाने की तहरीर दी है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीवार को लेकर दोनों पक्षों में विवाद है वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर गोली चलाई थी जिसकी जांच हो रही है दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही कर रही है।

# डाक्टरों ने 36 वर्षीय महिला के मल्टिपल हर्नियास का किया सफल इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डाक्टरों ने एक 36 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जो पिछले तीन वर्षों से मल्टिपल हर्नियास की समस्या से जूझ रही थीं। इनमें सबसे बड़ा हर्निया लगभग 7-8 सेंटीमीटर का था, जो आकार में एक संतरे के बराबर था। इस जटिल केस का नेतृत्व रोबोटिक-लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. दरप्रीत सिंह बंमराह ने किया। उन्होंने और उनकी टीम ने मिनिमली इनवेसिव रोबोट असिस्टेड सर्जरी के माध्यम से महिला का सफल इलाज किया। केस की जानकारी देते हुए डॉ. दरप्रीत सिंह बंमराह ने बताया हर्षलता जैन पिछले 2-3 वर्षों से वेंट्रल हर्निया शरीर के आगे की ओर हर्निया से पीड़ित थीं। उन्हें लगातार पेट में दर्द और सूजन की शिकायत थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी। उन्होंने पहले भी दो बार अन्य अस्पतालों में हर्निया की सर्जरी करवाई थीं। लेकिन अब वह बिल्कुल ठीक है।

## एक नजर

### मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का बैंक के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आंच. लिक प्रबंधक महेश सभरवाल सहित बैंक के कई सम्मानित स्टाफ और ग्राहक उपस्थित थे। गोपाल कृष्ण ग्राहकों से रुबरु होते हुए तीव्र गति से बढ़ते जीवन में बैंक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि बैंकिंग जीवन में एक ही स्थान पर सारी सुविधाओं से युक्त यह मॉडल शाखा बैंक द्वारा किया गया एक अद्वितीय प्रयास है। आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने उपस्थित ग्राहकों से कहा कि मॉडल शाखा का विचार बैंक में एक नया कदम है। आशा है आप सभी इन सुविधाओं का लाभ अवश्य उठाएंगे। कई सम्मानित ग्राहक ने भी अपने विचार रखे। अंत में शाखा प्रभारी बीके गौतम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### सीसीएसयू की परीक्षा में उड़ाका दल ने छात्रों के पास पकड़ी नकल सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित परीक्षाओं की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित उड़ाका दल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के दो प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। दल का नेतृत्व प्रोफेसर जयमाला द्वारा किया गया, जिनके साथ डॉ. योगेन्द्र गौतम, डॉ. नाजिया तरन्नुम एवं डॉ. मुनेश कुमार बतौर सदस्य सम्मिलित थे। उड़ाका दल ने सर्वप्रथम प्रातः 11 बजे काशीराम शोधपीठ परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते हुए परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली एवं केंद्र की समग्र परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके उपरांत दल ने सर छोटू राम अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में संचालित बी. टेक. एवं एम.टेक. परीक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों यूएफएम का प्रयोग करते हुए पाया गया। इनमें से एक परीक्षार्थी ने अपने हाथ पर बंधी पट्टी के भीतर नकल सामग्री छिपा रखी थी, एक के पास परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन पाया गया, शेष दो परीक्षार्थियों के पास फोटोस्टेट की गई नकल सामग्री बरामद हुई। उक्त सभी छात्रें के विरुद्ध विश्वविद्यालय की परीक्षा नियमावली के अंतर्गत अनुचित साधनों का प्रयोग यूएफएम अधिनियम के अंतर्गत विधिवत कार्रवाई की गई है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई व्यापार बंधु की बैठक

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में व्यापार बन्धु संबंधी कुल 35 समस्यायें शामिल थी, जिनसे संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों से समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओ को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। हापुड़ स्टैंड चौराहे के निकट शौचालय बनवाने के संबंध में निवेदन किया गया।

# संजय चौधरी ने किया शिव मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को भाजपा नेता संजय चौधरी ने गगन विहार रोहटा रोड स्थित श्री विश्व नाथ जी शिव मंदिर प्रांगण में नव निर्मित भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान संजय चौधरी ने कहा कि मंदिर में आकर मन को शांति मिलती है अगर कुछ परम सत्य है तो वह सिर्फ और सिर्फ भगवान ही है। इस मौके पर नितिन त्यागी व कालोनी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण.......

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ व्यापारी हुए एकजुट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट में अवैध बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण के खिलाफ व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। व्यापारियों ने सेंट्रल मार्केट और जागृति विहार को बंद कर बैठक की। इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ के साथ अन्य व्यापार संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को कॉम्प्लेक्स 661/6 को तीन माह में खाली करने का आदेश दिया था। आवास विकास परिषद ने सभी 20 दुकानदारों को तत्काल दुकान खाली करने का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आवास विकास परिषद को दो सप्ताह में अवैध निर्माण ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। व्यापारियों का कहना है कि वे जीएसटी भरकर कानून का पालन करते हैं। उनके अनुसार निर्माण में हुई गलतियों का समाधान किया जा सकता है। व्यापारियों ने कोर्ट में अर्जी लगाई, लेकिन आवास विकास के अधिकारियों की पैरवी के कारण उन्हें नहीं सुना गया। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद मांगी है। 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने समय सीमा बढ़ाने से इंकार कर दिया। 2 मई को भी इसी तरह की एक याचिका निरस्त हो गई। आवास विकास



परिषद ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए 1.67 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का टेंडर जारी कर दिया है। इसी के खिलाफ मंगलवार को व्यापारियों ने बड़ी बैठक की जिसमें सरधना विधायक अतुल प्रधान ने भी आकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया। अतुल प्रधान भी व्यापारियों के साथ खड़े हुए दिखाई दिए सभी को उम्मीद है कि इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट कोई न कोई समाधान निकालेगा हालांकि अभी तक ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि उत्तर प्रदेश सहित देश में अन्य जगह भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती आई है जब जब सुप्रीम कोर्ट की आती है तो हर किसी को देश हित में बड़ा दिल दिखाना पड़ता है लेकिन जो लोग दूसरे लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट को सबसे बड़ा और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही सर्वोपरि कहते थे आज वही सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं यानी जब बात अपने ऊपर पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट ही गलत हो गया और अब सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ व्यापारी एकजुट दिखाई दे रहे हैं हालाकि सुप्रीम कोर्ट को भी इस मामले में दया का नजरिया रखना चाहिए क्योंकि यह मामला सिर्फ सेंट्रल मार्केट से जुड़ा नहीं बल्कि हजारों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ा मामला है। अब देखना है कि आवास विकास ने ध्वस्तीकरण के लिए जो तैयारी की है उसे वह कब और किस तरह पूरा करता है।

# शोभित विश्वविद्यालय ने जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के साथ मिलकर छात्र एंबेसडर प्रोग्राम किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के सहयोग से छात्र एंबेसडर प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया के अनुरूप तैयार करना, उद्योग और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम करना तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन की ओर से सुश्री शगुन शर्मा और रंजीत फिलिप्स बिजनेस पार्टनरशिप मैनेजर मौजूद रहे, जबकि शोभित विवि की ओर से प्रो. डॉ. देवेन्द्र नारायण, वरिष्ठ निद. शक मानव संसाधान एवं कॉर्पोरेट संबंध डॉ. गणेश भारद्वाज, कुलसचिव एवं डॉ. अभिषेक कुमार डबास, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपस्थित रहे। प्रो. डॉ. देवेन्द्र नारायण ने इस साझेदारी को छात्रों के लिए




एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन द्वारा विकसित आधुनिक पाठ्यक्रम जैसे 5जी टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें व्यावहारिक परियोजनाएं, एलएमएस इंटीग्रेशन, और शोभित विवि के साथ सह-प्रमाणन की सुविधा भी होगी। छात्र एंबेसडर प्रोग्राम के माध्यम से चयनित छात्र विश्वविद्यालय में डिजिटल शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा विभिन्न आयोजनों में पहचान पाएंगे। यह सहयोग विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं डिजिटल प्लेटफार्म पर भी दर्शाया जाएगा। जिसमें पाठ्यक्रम विवरण, पंजीकरण लिंक, साझेदारी की मान्यता एवं लोगो की दृश्यता शामिल रहेगी। शोभित विवि और जर्मन अकादमी ऑफ डिजिटल एजुकेशन के बीच हुआ यह समझौता उच्च शिक्षा को वैश्विक उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने की दिशा में प्रेरणादायक कदम है।

# 4 मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का चार लाख वार्षिक के पैकेज पर हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, मेरठ के अंतर्गत संचालित सर छोटू राम अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड टीसीआई द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के आठ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को कंपनी के विशेषज्ञों ने कई चरणों में संपन्न कराया, जिसमें तकनीकी साक्षात्कार, संवाद कौशल, और समस्या समाधान क्षमता जैसे मानकों पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया। अंततः चार छात्रों आशीष वाष्णेय, करण रावत, देवांश पाराशर, ऋतिक चौरसिया का चयन वार्षिक चार लाख रुपये के वेतन पैकेज पर किया गया, जो छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान एवं व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर संजय भारद्वाज, संस्थान के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. गौरव त्यागी एवं पीयूष बत्रा ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की औद्योगिक साझेदारियां जारी रहेंगी, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

## 23 को होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपायुक्त दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 23 मई को विकास भवन सभागार में सांय 4:30 बजे होगी। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशको की समस्या समाधान को रखने की बात कही है।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संत जोजफ गर्ल्स इंटर कॉलेज सरधना में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में दौड, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, मुख्य अतिथि समाज सेवी शाहवेज अंसारी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 10 में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को क्रमशः कक्षा 10 की छात्रा खुशबू ने प्रथम स्थान, कक्षा 12वीं की छात्रा हूमैरा ने द्वितीय व पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 ब की छात्राओं ने प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिसमें क्रमशः सबिया प्रथम रिया द्वितीय जैनब तृतीय तथा अलीना ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। भाषण



प्रतियोगिता में कक्षा 11 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः गीत वर्मा ने प्रथम स्थान, ईशा ने द्वितीय स्थान एवं जीनत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाहवेज अंसारी ने सभी प्रतिभागीयों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की रानी अहिल्याबाई होल्कर के 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य किये, देवी अहिल्या बाई इंदौर या होल्कर वंश में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक न्यायप्रिय, दानशील और कुशल प्रसाशिका के रूप में जानी जाती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डाक्टर सिस्टर मीना नायडू ने सभी छात्राओं को बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि शावेज अंसारी का आभार व्यक्त किया।

# अहमदाबाद में होगा IPL का फाइनल

● क्वालिफायर-2 भी यहीं होगा, प्लेऑफ के दो मैच मोहाली में होंगे, आरसीबी-एसआरएच मैच लखनऊ में शिफ्ट



**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा।

यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआई की एक बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं। हैदराबाद की टीम लखनऊ में ही रुकेगी हैदराबाद की टीम मंगलवार को बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन टीम ने उड़ान कैंसिल कर दी है। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने बेंगलुरु में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्लेऑफ की 3 टीमें तय, चौथे के लिए दिल्ली-मुंबई में रेस मौजूदा सीजन में तीन टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स शामिल हैं। 18 मई रविवार को दिल्ली में गुजरात ने दिल्ली को दिल्ली कैपिटल्स को 10 विकेट से हराया था। गुजरात की इस जीत से गुजरात, बेंगलुरु और पंजाब ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया था। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है नरेंद्र मोदी स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े टकराव के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। बोर्ड ने कहा कि उसने खिलाड़ियों की चिंता, प्रशंसकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया है।

# दिलचस्प होगा 63वां मुकाबला

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 के 63वें मुकाबले में बुधवार को मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट के अंतिम प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ेगी।

दिल्ली कैपिटल्स वर्तमान में 12 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर और उसका नेट रन रेट (-0-260) है जिसने उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को जटिल बना दिया है। दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए हर हाल में मैच जीतना होगा। इस बीच 12 मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर काबिज पूर्व चैंपियन मुंबई घरेलू मैदान पर दिल्ली की चुनौती ध्वस्त कर प्लेऑफ में पहुंचना चाहेंगी। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली मुंबई ने अपनी लय हासिल कर ली है। उसने टूर्नामेंट में अब तक सात मुकाबले जीते है और उनकी टीम सभी विभागों में संतुलित दिख रही है। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 12 मैचों में 180 से अधिक की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन और विल जैक्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। तिलक वर्मा और नमन धीर ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। अगर गेंदबाजी की बात की जाये तो जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। जबकि पांड्या ने नौ से थोड़ा अधिक इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए हैं। दीपक चाहर और कर्ण शर्मा प्रभावशाली विकल्प रहे है। दिल्ली के लिए पिछले मैच में केएल राहुल की नाबाद 112 रनों की पारी खेली लेकिन उनकी शतकीय पारी टीम को जीत नहीं दिला पायी। उन्होंने 11 पारियों में 60 से अधिक की औसत से 493 रन बनाये है। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने टूर्नामेंट में अब तक (295 रन) बनाये है। दिल्ली के मध्यक्रम अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा शामिल हैं। इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है और इससे टीम को करीबी मुकाबलों में नुकसान उठाना पड़ा है। मिशेल स्टार्क के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, दिल्ली की नजरें मुस्तफिजुर रहमान और दुष्मंथा चमीरा पर टिकी है। कुलदीप यादव ने सात से कम की इकॉनमी से 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जबकि अक्षर का ऑलराउंड प्रदर्शन महत्वपूर्ण बना हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि वानखेड़े की पिच से पहली पारी में सीम मूवमेंट मिलने की उम्मीद है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ ही यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हो जाएगी।

अंतिम प्लेऑफ के लिए मुंबई और दिल्ली में होगी आर-पार की भिड़ंत

## संक्षिप्त खेल समाचार

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

### किदांबी श्रीकांत ने किया मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के शटलर कुओ कुआन-लिन और हुआंग यू काई को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। काबिज किदांबी श्रीकांत ने 29 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के कुओ कुआन-लिन को 21-8, 21-13 से हराकर आसान जीत दर्ज की। श्रीकांत का दूसरा क्वालीफाइंग मैच दुनिया के 86वें नंबर के खिलाड़ी हुआंग यू काई के खिलाफ थोड़ा अधिक चुनौतीपूर्ण था। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया, लेकिन अगले दो गेम में वापसी करते हुए मैच 9-21, 21-12, 21-16 से जीत लिया और मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पुरुष एकल क्वालीफायर में भारत के अन्य दो खिलाड़ी बाहर हो गए।

### पेंचक सिलाट में दमन और दीव ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** मेजबान दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के दूसरे दिन मंगलवार को पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण अपने नाम किए। पेंचक सिलाट इंडोनेशिया की एक पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है।दमन और दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने सीनियर पुरुष 'तुंगल' (कलात्मक) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में मेजबान टीम की कीर्तन मनोज. कुमार आचार्य ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। घोघला बीच पर सुबह के सत्र में पेंचक सिलाट की एक और कलात्मक स्पर्धा में पंजाब के आर्यन ने सीनियर पुरुष 'क्रिएटिव सोलो' वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने ओडिशा के सोहिल गुरुंग को हराया। बीच सॉकर प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार को हुई थी।

# सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

■ हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देगें : सीएम रेखा गुप्ता


**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली खेल-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उनके लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकारों के समय में देखा है कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिलने के कारण उन्हें अन्य राज्यों में जाकर अपना नाम पंजीकृत करवाना पड़ता था। हम युवाओं को खेलों की सभी सुविधाएं देंगे ताकि दिल्ली के खिलाड़ी दिल्ली के साथ रहें और दिल्ली का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनको आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार ने अपने खेल बजट को दोगुना किया है और खिलाड़ियों के पुरस्कार राशि को भी चार गुना किया है ताकि दिल्ली का खिलाघी किसी भी क्षेत्र में पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा कि मैं विकसित भारत की तर्ज पर विक.

# हैदराबाद की जीत ने लखनऊ के सपने तोड़े

● प्लेऑफ की रेस में अब सिर्फ दिल्ली-मुंबई बचे
यशस्वी जायसवाल बन सकते हैं टॉप स्कोरर

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में लीग स्टेज के 61 मैच खत्म हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की जीत ने लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया। जीटी, आरसीबी और पीबीकेएस ने अंतिम-4 में जगह बना ली है, चौथे स्थान के लिए दिल्ली और मुंबई में भिड़ंत है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सुपरजायंट्स ने 205 रन बनाए। हैदराबाद ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ सुपरजायंट्स को 12 मैचों में 7वीं हार मिली, टीम के 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। एलएसजीअब आखिरी 2 मैच जीतकर भी 14 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। टीम के 2 मैच गुजरात और बेंगलुरु से बचे हैं, इन्हें जीतकर एलएसजीटॉप-2 टीमों की जंग को रोमांचक बना सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ स्टेज से पहले ही बाहर हो चुकी है। टीम को 12 मैचों में चौथी ही जीत मिली, एक बेनतीजा मैच मिलाकर एसआरएच के 9 पाइंट्स हो गए। उनके 2 मैच बेंगलुरु और कोलकाता से बचे हैं। ज्ञ्ज्ञत तो बाहर ही है, लेकिन बेंगलुरु को हराकर एसआरएच उन्हें टॉप-2 की रेस से बाहर कर सकती है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच दिल्ली में मैच खेला जाएगा। दोनों ही प्लेऑफ स्टेज से बाहर हैं। राजस्थान 9वें और चेन्नई 10वें नंबर पर है। दोनों के 6-6 पाइंट्स हैं, ऐसे में आज का मैच हारने वाली 10वें नंबर पर रहेगी। वहीं जीतने वाली टीम के पास 9वें नंबर पर रहकर लीग स्टेज खत्म करने का मौका रहेगा। आज राजस्थान के सभी मैच खत्म हो जाएंगे, वहीं चेन्नई का 1 मैच गुजरात से बाकी रहेगा। गुजरात के साई सुदर्शन आरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए, उनके नाम 617 रन हैं। शुभमन उनके बाद दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 523 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। वे आज 95 रन बनाकर नंबर-1 पर पहुंच सकते हैं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट में 21 विकेट लेकर टॉप गेंदबाज बने हुए हैं। उनके बाद सीएसके के नूर अहमद ने 20 और आरसीबी के जोश हेजलवुड ने 18 विकेट लिए हैं। नूर आज 2 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल कर सकते हैं। लखनऊ के निकोलस पूरन ने 1 छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टॉप सिक्स हिटर के रिकार्ड में अपनी पोजिशन मजबूत कर ली। उनके नाम 12 मैच में 35 छक्के हो

# अभिषेक को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना



● आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए निलंबित

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाज दिग्वेश राठी को इस सत्र में तीसरी बार उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर एक मैच के निलंबन के साथ मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मैच के दौरान आठवें ओवर में उस समय जब राठी ने अभिषेक शर्मा को आउट किया।

राठी ने अभिषेक को आउट करने के बाद उन्हें 'नोटबुक' में एंट्री का इशारा किया और फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। इस दौरान अंपायर माइकल गॉफ को बीच-बचाव करना पड़ा। राठी को इस सत्र में तीसरी बार आईपीएल के आचार संहिता का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इस सत्र में राठी के खिलाफ कुल पांच डिमेरिट अंक जोड़े गए हैं, इस कारण उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है। वह अब वह गुरुवार को गुजरात टाइटंस के साथ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। अभिषेक की इस सत्र में पहली गलती को देखते हुए उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। हालांकि मैच के बाद दोनों खिलाड़ी शांत नजर आए और हाथ मिलाते हुए एक-दूसरे के साथ मजाक करते दिखे। उल्लेखनीय है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

# यूएई ने बांग्लादेश को हराया



● मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए, सीरीज 1-1 से बराबरी पर

**शारजाह, वार्ता।** यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है।

पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी-20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है। यूएई ने टास जीतकर चुनी थी गेंदबाजी यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले।

बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं यूएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए। मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिए बनाए 82 रन 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए। मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े। एक गेंद रहते जीती यूएई यूएई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। यूएई ने 19.5 ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। उन्होंने एक गेंद पहले ही मैच को जीत लिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मैच 21 मई को शारजाह में ही खेला जाएगा।

## खेल की परिस्थितियां और प्रारूप बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाते हैं: सुनीता

**दीव, वार्ता।** दिल्ली की लड़कियों की कबड्डी टीम की कोच सुनीता ने कहा कि खेल की परिस्थितयां और प्रारुप समुद्र तटों पर खेली जाने वाली बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाती हैं। बीच कबड्डी इनडोर कबड्डी की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इसमें खिलाड़ियों को प्राकृतिक परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इस खेल के दौरान रेत में पैर धंसने से दौड़ना और दिशा बदलना मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही तेज धूप और समुद्री हवा खिलाड़ियों की सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा लेती है। कभी समुद्र की ठंडी हवा चलती है तो कभी वह पूरी तरह से थम जाती है। ये सभी चीजे प्रदर्शन को प्रभावित करती हैं। दिल्ली की टीम की कोच ने कहा कि गैर-तटीय राज्यों के खिलाड़ियों के लिए यह परिस्थितियां और भी कठिन होती हैं क्योंकि वे इनसे अनजान होते हैं। वह कहती हैं कि यहाँ कृत्रिम रेत का टर्फ तो अच्छा है, लेकिन पूरा वातावरण बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह एक पूरी तरह से अलग माहौल है। सुंदर समुद्र के किनारे खेलना एक अनोखा अनुभव है। कबड्डी तो वैसे ही भारत में काफी लोकप्रिय है। उम्मीद है कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के माध्यम से बीच कबड्डी भी अपनी पहचान बनाएगी। मैट कबड्डी के अलावा समुद्र तटों पर भी एक कबड्डी खेली जाती है, जिसे बीच कबड्डी कहा जाता है। जहां तक नियमों का सवाल है तो बीच कबड्डी और पारंपरिक कबड्डी के मूल तत्व समान हैं, लेकिन कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि यह समुद्र तट की परिस्थितियों के अनुकूल रहे।

# बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुंबई इंडियंस ने किया अनुबंधित

■ एमआई ने बेयरस्टो के साथ 5.25 करोड़ रुपये का करार किया



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5-25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी।

जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। बेयरस्टो ने आईपीएल के पांच सत्र में 50 मैच खेले हैं। वह वर्ष 2019-20 में सनराइजर्स हैदराबाद और 2022 और 2024 में पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके है। लीग बेयरस्टो ने में 34.54 की औसत और 144.45 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

# केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत: खेल मंत्री मनसुख मांडविया



● हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते, हम एक मिशन पर है: मांडविया

**दीव, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा कि आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं।

मेरा मानना है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत, हम सिर्फ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते हम एक मिशन पर हैं। और यह मिशन खेलों को रोजगार से जोड़ता है। विकसित भारत के लिए, खेलो इंडिया युवाओं के लिए अपने सपनों को हासिल करने का एक पक्का रास्ता है। उन्होंने कहा कि नए खेल, घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को यह मजबूत संदेश देने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। खेल मंत्री ने कहा कि बीच वॉलीबॉल जैसे खेल न केवल युवाओं को शौक के तौर पर आकर्षित करते हैं, बल्कि उन्हें करियर के अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहली बार है कि भारत के समुद्र तटों पर इतने बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संदेश के जरिये खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' पर प्रकाश डाला और कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में खेल आयोजकों और भारतीय खेल प्राधिकरण को इसके आयोजन को लेकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीच गेम्स भारत के खेल कैलेंडर में हलचल मचाने का वादा करते हैं। श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के आयोजन स्थल के रूप में दीव का चयन 'उचित' था।

उन्होंने कहा कि सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराती हैं और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है। खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से कहीं आगे निकल जाती है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 21 मई 2025

# कौन मीरजाफर, जयचंद

इस समय देश में बेहद विरोधाभासी बातें हो रही हैं। एक तरफ सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए सात संसदीय दल गठित कर विदेशों में भेज रही है, जो 21 महीने से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे। इन दलों में 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक शामिल किए गए हैं और उसकी शुरुआत शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आज यानि 21 मई से होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारे तमाम राजनी. तिक दल आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। बात मीजर जाफर व जयचंद तक भी पहुंच गई है। इसकी शुरुआत मंगलवार को भाजपा नेता अमित माल्वीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनीर के साथ मिक्स किया, तो इसके जवाब में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार की सांय तीन बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया गया। इससे तुच्छ राजनीति और क्या हो सकती है। ऐसे समय में जब पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत थी, वह पूरी तरह बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। आखिर जो हमारा डेलिगेशन भारत का रुख रखने के लिए विदेशों में जा रहा है। उसकी इस तरह साख क्या रह जाएगी। जब देश में इस तरह आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है और विदेश मंत्री को जयचंद बताया जा रहा है और नेता प्रतिपक्ष को मीर जाफर, तो बाहर के लोग ये माजरा देखकर हमसे कितने प्रभावित होंगे यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। सभी जानते हैं कि मीर जाफर मुगल जनरल था और उसको भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। असल में 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था और उसने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौता किया था। जिसके चलते सिराजुद्दौला की हार के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था, तो सिराजुद्दौला से गद्दारी करना मीर जाफर को इतना भारी पड़ा कि वह इतिहास में दर्ज हो गया और उसका नाम दशकों बाद भी गद्दारों के पर्यायवाची के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सवाल यह है कि जब सरकार ही अपने देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों व जनता को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है, तो कहीं न कहीं यह तो माना ही जाएगा कि सरकार की नीति में झोल है। यह ठीक है कि हर बात को बताना जरूरी नहीं होता, लेकिन यह भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहां उठते सवालों के जवाब लोगों की जिज्ञासा को शांत कर सकें। सरकार को यह भी समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना देश की आलोचना नहीं होता। हर कोई जानता है कि विकट परिस्थितियों में आपसी भरोसे व एकजुटता के साथ ही सफलता पाई जा सकती है। ऐसे में जरूरत थी कि पूरा राष्ट्र एक धागे में माला की तरह गुथा हुआ दिखाई देता।

## निजी मदरसों के प्रति रवैया बदले सरकार



उप्र के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है, निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन करना वाहिए, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़, अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट आई, सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है, शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है, फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित है, निजी मदरसों के प्रति सरकार रवैया बदले तो बेहतर रहेगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में सुधार आने की उम्मीद है, सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं।**

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई पर विशेष**



जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साए में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिलाकर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनी. तिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया।

यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के .ढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है।

जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आतंकवाद के विरुद्ध बदले भारत के तेवर

**आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है।**

ढुलमुल नीति से कभी लक्ष्य न साधे जाएं, जैसे कम्पित अम्बु में प्रतिबिम्ब नहीं दिखाएं। धनुष-बाण संधान कर डोरी खींचो तान, इच्छाशक्ति दृढ़ करो सिद्धि मिले सुजान। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां आतंकवाद पर भारत के बदलते तेजी से रुख को परिभाषित करती हैं। आतंकवाद भारत ही नहीं, विश्व मानवता के लिए एक प्राणघातक अभिशाप है जिसका दमन, मर्दन और संहार समय की नितांत आवश्यकता है। भारत ही नहीं विश्व के अनेक देश इससे उत्पीड़ित व रक्तरंजित हुए हैं और कई देशों और संस्थाओं ने आतंकवाद को पोषित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है। उनमें से एक है-पाकिस्तान जो ओसामा बिन लादेन सहित अन्तर्राष्ट्रीय घोषित आतंकवादियों की शरणस्थली व पालक भूमि है। फिर भी जो देश बड़ी बेशर्मी से अपने को शान्ति प्रिय देश घोषित करता है, जबकि उसके संरक्षण में ही आतंकवाद पोषित व पल्लवित हुआ है। आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है। भारतीय सैन्य बलों के अदम्य साहस, शौर्य व ताकत के साथ प्रधानमंत्री की आतंकवाद की जड़ों को नेस्तनाबूद करने की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है क्योंकि पहले भारत को सॉफ्ट स्टेट माना जाता था जो आतंकी हमले के बाद निन्दा के वक्तव्य जारी करने के साथ आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के साक्ष्य जुटाकर और डोजियर तैयार कर अमेरिका सहित प्रमुख देशों को उसे साझा कर कूटनीतिक अभियान चलाया जाता था और पाकिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती थी, क्योंकि भारत के सैन्यबलों के पास आधुनिक उन्नत हथियारों और रक्षा उपकरणों की कमी थी और सबसे बड़ी बात भारत के राजनीतिक नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त कार्यवाही की इच्छाशक्ति का घोर अभाव था जबकि 12 मार्च 1993 के मुम्बई धमाके, 13 दिसम्बर 2001 का संसद पर हमला, 26/11/08 का मुम्बई हमले के साथ ही ट्रेन, मन्दिर, न्यायालय व सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमले भारत की आत्मा पर हमले थे किन्तु निन्दा प्रस्ताव और डोजियर के अलावा कोई ठोस प्रत्युत्तरात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण आतंकवादियों के हौसले बुलंद थे किन्तु 2014 में सत्ता परिवर्तन के साथ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। परिणामस्वरूप आतंकवाद जम्मू-कश्मीर तक सीमित रह गया। 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जबाव दिया और पाकिस्तान को सचेष्ट करने का प्रयास किया कि उसे आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी किन्तु चोर चोरी से जाय हेराफेरी से न जाए, की कहावत को चरितार्थ करते हुए 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसका कड़ा जबाव भारत ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवाद पर भारत ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के साथ विश्व स्तर पर मित्र देश बढ़ाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ -साथ सैन्य क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण व आधुनिककरण पर बल दिया और सैन्यबलों को परमाणु हमलों में सक्षम आईइनएस अरिहंत, अरिघात, अरिदमन पनडुब्बियों, एयेर डिफेंस सिस्टम एस-400 और स्वदेशी आकाश, इजरायल की बराक मिसाइलों और हारोप ड्रोन, राफेल युद्धक विमानों से सुसज्जित किया ताकि सैन्यबल पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के साथ लक्ष्य निर्धारित सटीक कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें, जिसकी परिणति पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली। इस ऑपरेशन में 9 जगह में से 4 पाकिस्तान और 5 पीओके की जगहों को निशाना बनाकर हमले किए गए जो लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्र व शरणस्थली थे। इसके साथ ही लश्कर का मुख्यालय मुरीदके और जैश के मुख्यालय बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया। पहली बार आतंकी कैम्पों को पालने, पोसने और समर्थन देने वालों को निशाना बनाया गया। भारत ने रावलपिंडी, लाहौर और कराची समेत कई पाकिस्तानी शहरों के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को ध्वस्त किया। जहां से भारत पर लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। इसमें इजरायली ड्रोन-हारा. ेप, युद्धक विमान राफेल, एस-400, बराक-8 और स्वदेशी आकाश रक्षा प्रणालियों का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में भारत बुद्ध को मानने के साथ ही युद्ध से भी नहीं डरता, क्योंकि आज का भारत छेड़ने पर किसी को नहीं छोड़ता और सुदर्शन चक्रधारी कृष्ण के इस महावाक्य को चरितार्थ करने हेतु संकल्पित है कि उत्तिष्ठ कौन्तेय, युद्धाय कृतनिश्चय अर्थात मानवता की रक्षा और आताताईयों के नाश के लिए युद्ध कर। देश इस भावना को अंगीकार कर रहा है।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्कॉन के हुए दो फाड़: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला






16 मई 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया। जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। इस ऐतिहा. सिक जीत पर इस्कॉन बेंगलुरु के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक, मधु पंडित दास ने कहा कि यह विवाद संपत्तियों के स्वामित्व का नहीं था, बल्कि हमारा संघर्ष उन स्व-घोषित गुरुओं के खिलाफ था, जिन्होंने प्रभुपाद की इच्छा का उल्लंघन किया और प्रभुपाद के लिखित आदेश के विरुद्ध खुद को आध्यात्मिक गुरु घोषित कर दिया। पहले वे जोनल आचार्य बने फिर संस्था में पनपे विरोध के दबाव में उन्होंने दर्जनों गुरु बना डाले। इससे इस्कॉन का बहुत पतन हुआ। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ऋत्विक की भूमिका निभाएं।

1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी। जिसे आज पूरा विश्व हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक ऋत्विक प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ऋत्विक नए भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा।

1977 में वृन्दावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपा. धियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, मंकी ऑन द स्टिक में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है।

नवंबर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की स्थापना की। जिसका लक्ष्य स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और ऋत्विक प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रुख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व-घोषित गुरुओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरु और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरुआत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है।

इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है। भविष्य में अनाधिकृत और अयोग्य लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए ल प्रभुपाद ने इस्कॉन में ऋत्विक प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को दीक्षा गुरु नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान के समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए गहरी साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पा कर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का भद्दा मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव को जीतने वाले लोगों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन जीबीसी द्वारा बनाए गए ऐसे दर्जनों गुरुओं का पिछले वर्षों में नैतिक पतन हो चुका है और वे संन्यास लेने के बाद फिर से गृहस्थ बन गए हैं। ये भी सन्यास प्रणाली का विद्रूप स्वरूप है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए केवल एक कानूनी जीत नहीं है, बल्कि यह ल प्रभुपाद की रित्विक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा ने दिया इजरायल को अलटीमेटम

## कहा: गाजा में जंग नहीं रोकी, तो ठोस कार्वाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा

**तेल अवीव।** इजरायल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजरायल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्वाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजरायल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया।

साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजरायली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से



गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस

**इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों पर रोक लगा दी थी**

**पिछले ढाई महीने में गाजा में UN व बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए**

वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरूरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से लोगों को बचाते बचावकर्मी।

# पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का प्रमोशन

## पीएम शरीफ ने फील्ड मार्शल के पद पर नवाजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया।

मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ आपरेशन बुनयान- उम-मार्सूस के दौरान आर्मी के बेहतर तरीके से लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल

**■ आर्मी चीफ अब पाकिस्तान सेना के दूसरे फील्ड मार्शल**

(फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में असीम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

# अफगान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अह्मदियान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कारिडोर पर जोर दिया गया। भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है। ईरानी सचिव अह्मदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के

**■ अजीत डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत पाकिस्तान की घेराबंदी तेज**

तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विद.ेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

# चीन पाकिस्तान में बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

## 700 कीट होगी बांध की ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है। इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कारपा.ेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर

**● चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया**

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड राकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा। इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा। पाकिस्तानी अखबार डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक डैम का काम 2027 तक कंपलीट हो सकता है। फिलहाल डैम में पावर और सिंचाई टनल की खुदाई, स्पिलवे का निर्माण और अपस्ट्रीम काफरडैम पर भी काम चल रहा है।

# ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही

मॉस्को/वाशिंगटन। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमे.रिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमे.रिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है।

# अफगान भी रोकेगा पाक का पानी

काबुल। भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा: यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे

**● कुनार नदी पर डैम बना रहा अफगानिस्तान, ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे: अफगान जनरल**

45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती।

यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है।

# चीन में सरकारी अधिकारियों के खर्च में कटौती

**बीजिंग।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और आफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरक.ारी खर्च को कम करने के लिए लिया गया है। चीन में अब आफिस में मंहगे भोजन, शराब और सिगरेट नहीं परोसे जाएंगे। प्रोग्राम में भव्य फूलों की सजावट नहीं की जाएगी। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने अधिकारियों पर खर्च में कड़ाई और बचत की मांग की है। जिसमें अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची रोकने को कहा गया है। सरकार ने हो रही फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

# स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

**जिनेवा /नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है।


Recruitment For Teaching Staff

Assistant professor Law

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

Salary As per Govt. Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com



G.D. Tandon Saraswati Vidya Mandir
Kailsa, Amroha (U.P.) 244221
E-mail: gdtsvmkailsa@gmail.com
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi, Affiliation No. 2131946, School Code: 81795

Congratulation
CBSE Examination Result 2025

School Toppers - Class XII (2024-25)



(500/457) FAREED RAZA 91.4%
(500/441) VIVEK KUMAR 88.2%
(500/434) SHRIKANT 86.8%
(500/432) JUNAID HUSAIN 86.4%

School Toppers - Class X (2024-25)



(500/451) AAYUSH VASHISHTHA 90.2%
(500/438) SONIA CHANDEL 87.6%
(500/435) MANVI 87%
(500/425) SHRISHTI 85%

ADMISSIONS OPEN
FOR SESSION 2025-26
8057522200
8057563000